


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना


जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -84 जबलपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### बिलावल के खून बहाने वाले बयान पर बोले देश के इमाम

## मोदी सरकार बस इजाजत दे, घर में घुसकर मारेंगे

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पहलगाम में जो नरसंहार हुआ उसके बाद भारत बदला लेने की तैयारी कर रहा है। बदला सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक के जैसा होगा या फिर इससे बहुत बड़ा होगा। इसका अंदाजा इस बात से लगा लीजिए कि आईएनएस विक्रांत 18 फाइटर जेट लेकर समुद्र में उतर चुका है। सेना का डिप्लायमेंट लगातार बॉर्डर पर हो रहा है। सेना के प्रमुख खुद पहलगाम पहुंच चुके हैं और राज्यपाल के साथ सीएम से बात की। साथ गृह मंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की और राष्ट्रपति के पास गृह मंत्री और विदेश मंत्री एक लाल रंग की फाइल लेकर गए। जिसमें क्या था ये अब तक पता नहीं चल पाया है। मतलब बदला तो इस बार भारत का ऐसा होगा कि पाकिस्तान पानी नहीं मांगेंगा। लेकिन इस हमले से पहले ही पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया हुआ नजर आ रहा है। उसके नेताओं की गीदड़भभकी सामने आने लगी है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि के मामले में भारत को धमकाया और चुनौती दी।



भुट्टो ने कहा कि दरिया में या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर हमारा (भारत का) खून बहेगा। भुट्टो की यह प्रतिक्रिया जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद आई। 23 अप्रैल को, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने प्रतिक्रिया में कई सख्त उपायों की घोषणा की, जिसमें सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करना भी शामिल है, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। भुट्टो ने एक्स पर लिखा कि भारत ने पहलगाम त्रासदी के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमज़ोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफ़ा तौर पर निलंबित कर दिया है, जिसके तहत भारत ने स्वीकार किया है कि सिंधु पाकिस्तान की है। मैं यहां सुक्कुर में सिंधु के पास खड़ा होकर भारत को बताना चाहूंगा कि सिंधु हमारी है और सिंधु हमारी ही रहेगी, चाहे इस सिंधु में पानी बहे या उनका खून।

बिलावल भुट्टो की इस धमकी के बाद अब भारत में तरह तरह की प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। क्या हिंदू क्या मुसलमान सभी एक सुर में पाकिस्तान का इलाज करने को आतुर नजर आ रहे है। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रशीदी ने बिलावल भुट्टे के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि समय ही बताएगा कि किसका खून बहेगा। उन्हें अब पानी की सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में सोचना चाहिए, वे पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करेंगे। रशीदी ने कहा कि पाकिस्तान में भारत की ओर देखने का दम नहीं है।

उन्हें पहले अपनी समस्या को सुलझाना चाहिए, वहां शिया-सुन्नी की लड़ाई होती है। जिद रशीदी ने आगे कहा कि मैं संदेश देना चाहता हूं कि उन्हें ये गतिविधियां बंद कर देनी चाहिए। अन्यथा भारत के मुसलमान पाकिस्तान की इन गतिविधियों को खत्म करने के लिए तैयार बैठा है। हमें केवल सरकार की मंजूरी की जरूरत है। पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे।

## कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना-भागवत

### भारत पड़ोसी को नुकसान नहीं पहुंचाता



मुंबई (आरएनएस)। पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा संघर्ष धार्मिक और सांप्रदायिक विभाजन से परे है। उन्होंने इस संघर्ष को धर्म और अधर्म के बीच संघर्ष बताया, उनके अनुसार यह संघर्ष केवल धार्मिक मतभेदों पर आधारित नहीं है, बल्कि अच्छाई और बुराई के बीच एक बड़ी नैतिक लड़ाई है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है। लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे आप कुछ भी कर लें, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो इसके बारे में क्या करें? मोहन भागवत ने कहा कि अहिंसा हमारा धर्म है। गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते। लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। इससे पहले मोहन भागवत ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों से उनके धर्म के बारे में पूछताछ करने के बाद उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि एक हिंदू कभी ऐसा कृत्य नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से पहलगाम आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया, जिसमें 26 लोग, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, बंदूकधारियों द्वारा मारे गए थे। आरएसएस प्रमुख ने मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों से उनका धर्म पूछा गया और उन्हें मार दिया गया। हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे। भागवत ने कहा कि अभी जो लड़ाई चल रही है, वह संप्रदाय और धर्म के बीच नहीं है। इसका आधार संप्रदाय और धर्म है, बल्कि यह लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच है। हमारे सैनिकों या हमारे लोगों ने कभी किसी को उसका धर्म पूछकर नहीं मारा। जो कट्टरपंथी लोगों ने लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा, हिंदू ऐसा कभी नहीं करेंगे। इसलिए देश को मजबूत होना चाहिए। सभी दुखी हैं, हमारे दिलों में गुस्सा है जैसा कि होना चाहिए, क्योंकि राक्षसों का नाश करने के लिए अपार शक्ति की आवश्यकता होती है।

### बयान पर मचा बवाल, कांग्रेस-बीजेपी आमने-सामने

## कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने अमित शाह को बताया शिव अवतार



सीहोर.(आरएनएस)। एमपी के सीहोर जिले में स्थित कुबेरेश्वर धाम के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा आए दिन अपने प्रवचनों से ज्यादा अपने अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं. इस बार पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान कुछ ऐसा कह दिया, जिसने उन्हें एक बार फिर प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भगवान शिव का अवतार बताया है.

पंडित प्रदीप मिश्रा के इस बयान पर अब मध्य प्रदेश ही नहीं, देशभर की सियासत गरमाने लगी है. एक तरफ जहां कांग्रेस पार्टी कथावाचक पंडित मिश्रा के खिलाफ मोचा खोल दिया तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा पंडित प्रदीप मिश्रा ते बयान का समर्थन कर रही है. कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि भगवान शिव, शिव हैं. सदा शिव हैं, उनका तो कोई अवतार नहीं हो सकता. इस तरह भाजपाइयों ने ये पूरा का पूरा मामला यह भगवान शिव का अपमान है. मैं कहता हूं पंडित जी कथा करेंज्जो करना हैं करें, सब करें, लेकिन नेताओं को भगवान ना बताएं. सनातन हमारी संस्कृति है. सनातन संस्कृति पर चोट नहीं होना चाहिए. वहीं पीसी शर्मा के बयान पर बीजेपी प्रवक्ता लेफ्टिनेंट ईशान आर का कहना है कि, कांग्रेस कुछ भी कहती है. ऐसे मामलों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए. प्रदीप मिश्रा की अपनी भावना है, जो उन्होंने उजागर किया है. इस पर इस बयानबाजी की आवश्यकता नहीं है. ये उनकी अपनी इच्छा है.

### सतना के अमुआ बांध में डूबने से तीन बच्चों की मौत

सतना. एमपी के सतना में धारकुंडी स्थित अमुआ डेम में नहा रहे तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई. ग्रामीणों ने बच्चों को देखा तो तैरते हुए तलाश कर बाहर निकाल लिया. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है. पुलिस के अनुसार सतना के ग्राम कंदैला में रहने वाले तीन बच्चे अभिजीत पिता अजीत कोल उम्र 6 वर्ष, अभी पिता कल्लू कोल 5 वर्ष व कृष्णा पिता नंदू कोल 5 वर्ष आज दोपहर के वक्त अमुआ डेम में नहाने के लिए पहुंच गए.

### प्रेमजाल में फंसाकर शोषण, मुस्लिम युवकों के गिरोह का भंडाफोड़ वीडियो बनाकर ब्लैकमेल, पीड़िताओं को दोस्तों के पास भेजने का आरोप

## भोपाल में मिला हिंदू लड़कियों को फंसाने वाले मुस्लिम युवकों का एक और गिरोह, पहले खुद रेप करते फिर दोस्तों के पास भेजते

भोपाल (आरएनएस)। हिंदू युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनका शोषण और ब्लैकमेल कर दूसरे युवकों के पास भेजने के मामले में नई परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। वर्षों से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग झेल रहीं दो नई पीड़िताएं सामने आई हैं। उन्होंने थाने जाकर अपने साथ हुई हैवानियत की शिकायत की है। इन लड़कियों को फंसाने वाला मुस्लिम युवकों का यह दूसरा गिरोह है। श्यामला हिल्स थाने में दर्ज एफआईआर में पीड़िता ने बताया कि बैरागढ़ क्षेत्र के शाहरुख ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म किया था। बाद में उसने पीड़िता पर अपनी नाबालिग सहेली से उसके दोस्त अयान का रिश्ता बनवाने का दबाव बनाया। अयान और नाबालिग के बीच रिश्ता बना तो उसने उसका वीडियो बना लिया। इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसने उसे दूसरे दोस्त अरबाज शेख के पास भेज दिया। शाहरुख युवती से बाणगंगा क्षेत्र में जोया नामक महिला के किराये के कमरे में दुष्कर्म करता था। जोया, उसका पति फैजान व जावेद नामक व्यक्ति उसका साथ देते थे। पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अयान और अरबाज ने नाबालिग का बैरागढ़ क्षेत्र में शोषण किया था,

### शादी समारोह से लौट रही चार लड़कियों के साथ गैंगरेप, पुलिस ने गिरफ्तार किए सात आरोपी

बालाघाट.(आरएनएस)। एमपी के बालाघाट में सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है. यहां पर शादी से लौट रही चार लड़कियों के साथ सात युवकों ने गैंगरेप किया है. घटना से आक्रोशित आदिवासी समाज के लोगों ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी. जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को तलाश कर बंदी बना लिया है. खबर है कि बालाघाट के हट्टा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव की चार लड़कियां व एक छोटा बच्चा ग्राम ठाकुर टोला (गोदरी) में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर रात एक बजे दुगलई जंगल के रास्ते अपने घर लौट रहे थे. इस दौरान सात युवकों ने चार लड़कियों व बच्चे को देखा तो पीछा शुरु कर दिया.

### भोपाल के इंजीनियर की दुल्हन पाकिस्तान में फंसी, वीजा रुका, भारत आने की अनुमति नहीं, ऑन-लाइन निकाह किया



भोपाल. एमपी की राजधानी भोपाल के इंजीनियर उवैस की दुल्हन हिरा पाकिस्तान में फंस गई है. पहलगाम आतंकी हमले के पाकिस्तान ने उनके वीजा को मंजूरी नहीं दी. इससे उनका भारत आना एक बार फिर टल गया. यह पहली बार नहीं है जब राजनीतिक हालात ने उनके रिश्ते में रुकावट डाली है.

इससे पहले पुलवामा हमले के समय भी इनकी शादी की तैयारियां अंतिम दौर में थीं. हिरा अपने परिवार के साथ भारत आने वाली थी. लेकिन हमले के बाद वीजा अस्वीकृत हो गया. तब ऑनलाइन निकाह ही आखिरी विकल्प बचा था. मार्च 2024 में ही दोनों ने ऑनलाइन निकाह किया था. भोपाल के कोहेफिजा के रहने वाले इंजीनियर उवैस खान का कहना है कि हम दोनों की मोहब्बत 16 साल पुरानी है.

निकाह की राह भी तकनीक के सहारे पार की. जब मिलने का समय आया तो सरहद के दोनों तरफ बिगड़े हालात इस मिलन की राह में दीवार बन गए हैं. उवैस अपनी दुल्हन को भारत लाने के लिए पूरी तैयारी कर चुके थे.

## मैक्रों, पुतिन-ट्रंप तक तो ठीक था अब तो चीन भी बोलने लगा, भारत सुपरपावर है, औकात में रहो



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जिस चीन के भरोसे पाकिस्तान इतना उछल रहा था उसने उसे तगड़ा झटका दे दिया है। चीन का कहना है कि ग्लोबल साउथ को अपने सुरक्षातंत्र की जरूरत है। चीन कह रहा है कि भारत रूस और चीन नए सुपरपावर हैं। चीन का कहना है कि भारत, रूस और चीन का एक साथ आना पश्चिमी देशों के प्रभुत्व को खत्म कर देगा और एक नए बहुध्रुवीय विश्व का निर्माण करेगा। इससे पहले अमेरिकी की तरफ से तुलसी गबार्ड ने जोर देकर कहा है कि भारत इस्लामिक टेररिज्म के खिलाफ जंग लड़ रहा है। हम पूरी तरह उसके साथ हैं। तुलसी गबार्ड चाहती तो टेररिज्म लिख सकती थी। लेकिन उन्होंने जानबूझकर अपने ट्वीट में इस्लामिक टेररिज्म का नाम लिया है। पहलगाम में जो नरसंहार हुआ उसके बाद भारत बदला लेने की तैयारी कर रहा है। बदला सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक के जैसा होगा या फिर इससे बहुत बड़ा होगा। इसका अंदाजा इस बात से लगा लीजिए कि आईएनएस विक्रांत 18 फाइटर जेट लेकर समुद्र में उतर चुका है। सेना का डिप्लायमेंट लगातार बॉर्डर पर हो रहा है। सेना के प्रमुख खुद पहलगाम पहुंच चुके हैं और राज्यपाल के साथ सीएम से बात की। साथ गृह मंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की और राष्ट्रपति के पास गृह मंत्री और विदेश मंत्री एक लाल रंग की फाइल लेकर गए। जिसमें क्या था ये अब तक पता नहीं चल पाया है। मतलब बदला तो इस बार भारत का ऐसा होगा कि पाकिस्तान पानी नहीं मांगेंगा। लेकिन इस हमले से पहले ही पाकिस्तान को अब अपनी गलती का अहसास होने लगा है और वो आतंकवाद को प्रायोजित किए जाने का ठीकरा अमेरिका पर फोड़ने लग गया है। पाकिस्तान को इस बात का अहसास होने लगा है।

### पहलगाम हादसे के बाद जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों के घर ढहाए गए

श्रीनगर.(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के घरों को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया. अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार देर शाम और शनिवार को की गई. पुलवामा जिले के मुरान गांव में आतंकी एहसान-उल-हक शेख का घर ढहाया गया. कुलगाम जिले के मटालहामा गांव में आतंकी जाकिर अहमद गनी का घर तोड़ा गया, जो 2003 से सक्रिय है. वहीं, शोपियां जिले के चोटीपोरा गांव में आतंकी शाहिद अहमद कुटे के घर को भी ध्वस्त किया गया, जो 2002 से आतंकी गतिविधियों में शामिल है. इसके पहले, शुक्रवार को पहलगाम हमले में शामिल दो अन्य आतंकियों, आसिफ अहमद शेख (त्राल) और आदिल ठोकर (बिजबेहरा) के घरों को भी तोड़ा गया था.

### इंदौर सांसद ने जारी किया वीडियो

## पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों को नहीं भेजा जाएगा वापस




इंदौर (आरएनएस)। सांसद शंकर लालवानी ने एक वीडियो जारी कर पाकिस्तान से भारत आए हिंदू शरणार्थियों को लेकर केंद्र शासन की मंशा स्पष्ट की है। यह वीडियो सिंधी भाषा में जारी किया है, ताकि संदेश सीधे समुदाय तक उनकी मातृभाषा में पहुंच सके। वीडियो में सांसद ने कहा है कि पाकिस्तान से लंबे समय के वीजा (लांग टर्म वीजा) लेकर भारत आए हिंदू शरणार्थियों को वापस नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि सामान्यत- पाकिस्तान से 45 दिन का वीजा लेकर हिंदू शरणार्थी भारत आते हैं। 45 दिन की अवधि पूरी होने के बाद उन्हें लांग टर्म वीजा के लिए आवेदन करना होता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बने हालात के चलते ऐसे लोग जो लांग टर्म वीजा पर भारत में रह रहे हैं,

## हर जांच के लिए तैयार हैं...आ गया ऊंट (पाकिस्तान) पहाड़ के नीचे, शहबाज शरीफ के तेवर पड़े ढीले

### लेकिन पानी रोका तो देंगे जोरदार जवाब'... पाक पीएम शहबाज शरीफ की धमकी



नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है। इस बीच, पड़ोसी देश की कुछ हरकतें आग में घी का काम कर रही हैं।

पाकिस्तान ने सीमा पर एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। बीती रात सीमा से सटी चौकियों पर पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की गई। भारतीय सेना ने भी इसका करारा जवाब दिया।

**प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को दी गीदड़भभकी**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को सेना के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां पीएम शरीफ ने कहा, हम भारत में पर्यटकों पर हुए हमले की किसी भी निष्पक्ष जांच में भाग लेने के लिए तैयार हैं। शांति हमारा लक्ष्य है, लेकिन इसे कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, हम दोनों देशों के बीच हुए सिंधु जल बंटवारे समझौते के किसी भी भारतीय उल्लंघन का जोरदार तरीके से जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी कही यह बात वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम आतंकी हमले की इंटरनेशनल जांच की मांग की है और कहा है कि पाकिस्तान इस जांच में मदद करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आसिफ ने हुड्डुञ्ज को दिए साक्षात्कार में कहा कि पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षकों द्वारा की जाने वाली किसी भी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार है। मंत्री ने कहा कि भारत आतंकवादी हमले के बाद की स्थिति का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ माहौल बनाने के लिए कर रहा है। भारत बिना किसी सबूत, बिना किसी जांच के पाकिस्तान को सजा देने के लिए कदम उठा रहा है।

### सिंधु जल समझौता रोकने पर भारत को बिलावल की धमकी-बोले- सिंधु दरिया हमारा है, इसमें या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून



इस्लामाबाद-पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा। भुट्टो ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि आप एक झटके में सिंधु जल समझौता को तोड़ दें। हम इसे नहीं मानते हैं। हमारी अवाम इसे नहीं मानती। हजारों साल से हम इस नदी के वारिस हैं। बिलावल ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि भारत की आबादी ज्यादा है, वो यह नहीं तय कर सकते कि पानी किसका है। पाकिस्तान की अवाम बहादुर लोग हैं, हम डटकर मुकाबला करेंगे। सरहदों पर हमारी फौज हर हमले का जवाब देने को तैयार है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष भुट्टो ने कहा कि भारत ने पहलगाम घटना के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है।

## गुजरात में 500 से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में हरियाणा में 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश; अटारी बॉर्डर से भेजे जा रहे



अहमदाबाद. (आरएनएस)। केंद्र सरकार के निर्देश पर गुजरात में अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया है. अहमदाबाद और सूरत में पुलिस ने 500 से अधिक संदिग्ध प्रवासियों को हिरासत में लिया है. अधिकारियों का कहना है कि इनमें से अधिकतर बांग्लादेशी नागरिक हैं, जिनके पास फर्जी भारतीय दस्तावेज भी मिले हैं. अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजीत राजियन ने बताया कि एसओजी, ईओडब्ल्यू, जोन 6 और हेडक्वार्टर टीमों के साथ मिलकर पूरे शहर में तलाशी अभियान चलाया गया. इस दौरान 400 से अधिक संदिग्ध विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है. क्राइम ब्रांच के जेसीपी शरद सिंघल ने बताया, गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी और डीजीपी के निर्देश पर चंडोला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई. अब तक 457 अवैध प्रवासियों को पकड़ा जा चुका है. सभी से पूछताछ की जा रही है और डिपोर्टेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है. सूरत पुलिस की एसओजी और क्राइम ब्रांच टीमों ने शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर 100 से अधिक अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है. इन सभी से पूछताछ जारी है और उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हिरासत में लिए गए प्रवासियों में से कई के पास फर्जी भारतीय पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं. इन दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ यह भी पता लगाया जा रहा है कि इन्हें दस्तावेज बनवाने में किनकी मदद मिली. पुलिस ने बताया कि इससे पहले दर्ज दो एफआईआर के तहत 127 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से 70 को पहले ही डिपोर्ट किया जा चुका है. शेष के खिलाफ भी डिपोर्टेशन की कार्रवाई जारी है. अधिकारियों का कहना है कि सभी अवैध प्रवासियों की पहचान और दस्तावेजी जांच पूरी कर जल्द से जल्द उन्हें देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरगी में सुबह विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मानेगांव में मेन रोड किनारे नर्सिंग कॉलेज की बाउण्ड्री के बाजू से शिवा कोल के मुर्गा दुकान के पास बने टपरा के पास एक युवक 2 केन में डीजल रखे बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक अपने पास प्लास्टिक के 2 केन लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम सुनील नामदेव उम्र 22 वर्ष निवासी दुर्गा मंच के पास मानेगांव बताया

# अवैध सिगरेट विक्रेताओं पर पुलिस का शिकंजा चार पान दुकानों पर दबिश प्रतिबंधित ई.सिगरेट और विदेशी सिगरेट के 3 लाख से अधिक के माल की जब्ती

जबलपुर। जबलपुर पुलिस ने अवैध रूप से प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक वेप ;ई.सिगरेटद्ध एवं विदेशी सिगरेट बेचने वाले चार पान दुकानदारों के खिलाफ एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई की। थाना ओमती की टीम ने दबिश देकर कुल 3 लाख 1 हजार 140 रुपये की अवैध सामग्री जब्त कर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध सख्त धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।



**नेहा पान भंडार से जब्त हुई विदेशी सिगरेट और ई.सिगरेट**

थाना प्रभारी ओमती राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि सिविक सेंटर स्थित पुरानी प्रभु वंदना टॉकीज के पास श्नेहा पान भंडारश् में दबिश दी गई। संचालक राकेश केशरवानी ;उम्र 41 वर्षद्ध के कब्जे से प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक वेप 6 नग एवं विदेशी तंबाकू युक्त सिगरेट के 34 पैकेटए जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 35 हजार रुपये हैए जब्त किए गए। राकेश के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम एवं सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम ;ब्व्ज्च।द्ध के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**मुन्ना पान दुकान से मिली भारी मात्रा में विदेशी सिगरेट**

इन्कम टैक्स चौक स्थित श्मुन्ना पान दुकानश् पर भी दबिश दी गई। दुकान संचालक शिव नारायण गुप्ता ;उम्र 52 वर्षद्ध से पूछताछ में वैध अनुमति नहीं होने पर उसकी दुकान से 38 नग ई.सिगरेट और 258 पैकेट विदेशी सिगरेट बरामद किए गए। इस जब्ती की कुल कीमत 2 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध भी संबंधित धाराओं में कार्यवाही की गई है।

**नया मोहल्ला स्थित समशेर हुसैन के विरुद्ध कार्रवाई**

इन्कम टैक्स चौराहे के पास स्थित श्मुन्ना पान भंडारश् की जांच के दौरान संचालक समशेर हुसैन ;उम्र 43 वर्षद्ध के पास भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। उसकी दुकान से 85 पैकेट सिगरेटए कुल कीमत 18 हजार 320 रुपये की जब्ती की गई। समशेर के विरुद्ध धारा 6;बीद्धए 24 ;ब्व्ज्च। अधिनियम 2003द्ध के तहत कार्यवाही की गई है।

**नौदरा ब्रिज पर भी मुन्ना पान भंडार से अवैध सिगरेट बरामद**

इसी क्रम में नौदरा ब्रिज के पास स्थित एक और श्मुन्ना पान भंडारश् में दबिश दी गई। संचालक सैफअली ;उम्र 29 वर्षद्ध से पूछताछ में भी कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने मौके से 44 पैकेट विदेशी सिगरेटए जिसकी कीमत 7820 रुपये हैए बरामद करते हुए उसके विरुद्ध भी सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

**प्रतिबंधित नशीले उत्पादों के विक्रय पर सख्तीए युवाओं को नशे से बचाने पुलिस अधीक्षक की पहल**

पुलिस अधिक्षक संपत उपाध्याय का कहना है कि इस तरह के प्रतिबंधित और हानिकारक उत्पादों का अवैध व्यापार रोकने के लिए लगातार हर थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया जाएगा। अवैध तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि शहर के युवाओं को नशे के जाल में फंसने से बवाया जा सके। स्कूल कॉलेजों में भी सामाजिक संस्थानों केसाथ मिलकर जागरुकता अभियान चलाए जाएंगे। छात्र.छात्राओं को नशे के दुष्प्रमाण के बारे में समुचित जानकारी दी जाएगी ताकि वे नशे की लत से दूर रह सकें।

## जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनेंगे कार्यकर्ता

जबलपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण कल रविवार 27 अप्रैल को प्रातः 11 बजे होगा। सांसद श्री आशीष दुबे उत्तर विधानसभा के अग्रसेन वार्ड अंतर्गत बूथ क्रमांक 101 में बूथ अध्यक्ष अनुपम त्रिवेदी के निवास पर, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर पूर्व विधानसभा अंतर्गत सेठ गोविंददास वार्ड चांदमारी की तलैया बूथ क्रमांक 140 में बूथ अध्यक्ष के निवास पर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन विवेकानंद वार्ड के बूथ क्रमांक 144 में एवं विधायक अभिलाष पांडे उत्तर विधानसभा के बूथ क्रमांक 153 में कस्तूरबागांधी वार्ड में बूथ अध्यक्ष कुदूम रघुवंशी के मकान में बूथ कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण जबलपुर नगर के सभी 967 बूथों में किया जाएगा जिसमे सभी जनप्रतिनिधियों, स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ आम जनता भी प्रधानमंत्री जी को सुनेगी।

# वर्तिका का 37 वाँ राष्ट्रीय अलंकरण समारोह आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका का 37 वाँ वार्षिक समारोह 27 अप्रैल को अपरान्ह 5 बजे से कला वीथिका में आयोजित किया जा रहा है। वर्तिका के संयोजक विजय नेमा 'अनुज' एवं अध्यक्ष राजेश पाठक 'प्रवीण' ने बताया कि समारोह में विविध क्षेत्रों के मनीषियों की स्मृति में सम्मान, कृतियों का विमोचन, काव्य पटल का लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन होगा। साध्वी श्रीमाँ विभानंद गिरी प्रज्ञा पीठाधीश्वर के सानिध्य में समारोह के मुख्य अतिथि श्री उमाकांत शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता होंगे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश धीरावाणी होंगे। समारोह में श्री रामवल्लभ गुप्ता की काव्य कृतियाँ 'कौस्तुभ% एवं %कस्तूरी% तथा श्रीमती संध्या अग्रवाल की कृति 'मेरा मन उपवन' का विमोचन एवं श्रीमती मीना भट्ट एवं श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव के काव्य पटल का लोकार्पण किया जायेगा। विजय बागरी, आचार्य विजय तिवारी किसलय, आशुतोष तिवारी, संतोष नेमा, सिद्धेश्वरी सराफ, विनीता पैगवार, राजेश ठाकुर ने उपस्थिति का आग्रह किया है। वर्तिका राष्ट्रीय अलंकरण 2025 से सम्मानित होने वालों में डॉ. जीनत एहसान कुरैशी, इंजी. डी. सी. जैन, श्री ध्रुव गुप्ता, श्री मदनमोहन नेमा, जनाब जमील खान छिंदवाड़ा, डॉ. अनामिका तिवारी, श्रीमती सोना बाई नामदेव, श्रीमती योगिता चौरसिया मण्डला, डॉ. पंकज असाटी, श्रीमती मीना भट्ट, श्री नरेश जैन जोगी, सरदार इंद्रपाल सिंह गोगी, श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, श्रीमती कविता राय, डॉ. अनिल कुमार कोरी, सुश्री अस्मिता शैली, बिंदिया पैगवार, डॉ. राहुल चौबे हैं। वर्तिका संस्थाश्री सम्मान गढ़ा रामलीला समिति, समरसता संस्था एवं सुप्रभातम संस्था को समर्पित किया जाएगा। साथ ही वर्तिका संस्कारधानीश्री सम्मान से श्री कन्हैयालाल ताम्रकार, डॉ. सुरेंद्रलाल साहू निर्विकार, श्री सुवीर श्रीवास्तव एवं श्रीमती अनुराधा गर्ग दीप्ति अलंकृत होंगे।

# एक ट्रिप एलटीटी-सहरसा स्पेशल ट्रेन चलेगी स्पेशल ट्रेन का इटारसी, जबलपुर एवं सतना पर ठहराव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा 02 मई 2025 से नियमित तौर पर एलटीटी–सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस चलाये जाने का निर्णय लिया है, लेकिन गर्मी के सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए नियमित ट्रेन सेवा से पहले एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन सेवा एलटीटी–सहरसा के बीच चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल गाड़ी संख्या 01019 एलटीटी–सहरसा एक तरफ़ा स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल 2025 को एलटीटी से रवाना होकर सहरसा जाएगी। गाड़ी संख्या 01019 एलटीटी–सहरसा एक तरफ़ा स्पेशल ट्रेन दिनाँक 27 अप्रैल 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 10ः30 बजे प्रस्थान कर भुसावल शाम 17ः15 बजे, इटारसी रात्रि 20ः55 बजे, अगले दिन जबलपुर 03ः40 बजे, सतना सुबह 06ः45 बजे, प्रयागराज छिवकी 10ः40 बजे और अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन मध्य रात्रि 02ः15 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी।

ट्रेन के हाल्ट ः– ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दिलदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, मु ज़फरपुर, समस्तीपुर, हसनपुर रोड जंक्शन, सलौना एवं खगड़िया जंक्शन।

कोच कम्पोजीशन ः– स्पेशल ट्रेन में 08 स्लीपर, 11 जनरल, 2 एलएलआरडी एवं 01 पेन्ट्रीकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

**पुरानी रंजिश पर हवाई फायर कर मारपीट, आरोपियों की तलाश**

जबलपुर थाना बरेला में सरफराज खान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 8 थाना के पीछे बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गाड़ी बनाने का काम करता है दिनांक 24-4-25 की शाम लगभग 6-45 बजे अपनी दुकान में था अरसद खान भी उसकी दुकान में था तभी सुजल जैन अपने साथियों के साथ कार से उतरा, सुजल जैन के साथी मुंह बांधे हुये थे सुजल जैन के साथियों ने भय कारित करने लिये पिस्टल से 2 हवाई फायर किया और सुजल जैन ने पुरानी रंजिश पर उसे बेसबाल के डंडे से मारने की धमकी देते हुये हाथ में मारकर चोट पहुॅचा दी,

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया





## जीएम ने रेल प्रशिक्षुओं से संवाद भी किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे में चलाए जा रहे संरक्षा अभियानों से रेल संरक्षा को मजबूती मिल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने आज भोपाल मंडल स्थित रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर (एटीसी) का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने इंजीनियरिंग एवं परिचालन विभाग के संरक्षा से जुड़े ट्रैकमैन, गैंगमैन, प्वाइंट्समैन, स्टेशन मास्टर एवं गार्ड जैसे प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद किया । महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और ड्यूटी के दौरान संरक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

महाप्रबंधक ने निर्माणाधीन कंप्यूटर आधारित परीक्षा हॉल तथा नियंत्रण कक्षों का भी सघन निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र की विभिन्न कक्षाओं में जाकर चल रही गतिविधियों का भी जायजा लिया और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती बंदोपाध्याय ने अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया जाए कि यह कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाए । उन्होंने रेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रेनिंग ले रहे कर्मचारियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँ।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल अभियंता मुख्यालय सहित अन्य अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे।

# एमपी ट्रांसको ने कार्मिक की मृत्यु पर आश्रित परिवार को अनुग्रह अनुदान राशि बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने कंपनी की सेवा में कार्यरत किसी कार्मिक की मृत्यु की स्थिति में उसके आश्रित परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि का पुनरीक्षण किया है। अब अधिकतम अनुदान राशि 1,25,000 (एक लाख पच्चीस हजार) रुपए कर दी गई है। इस संबंध में कंपनी द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अतुल जोशी ने बताया कि यह निर्णय मध्यप्रदेश वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 420/1-25/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 में किए गए आवश्यक संशोधन को स्वीकार करते हुए लिया गया है। नए आदेश के अनुसार, किसी कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उसके आश्रित परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के अंतर्गत देय वेतन के छह गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000 रुपए तक की अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत की जाएगी।

यह आदेश 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद होने वाले प्रकरणों पर प्रभावी होगा। अनुग्रह अनुदान के भुगतान की अन्य शर्तें पूर्ववत प्रभावशील रहेंगी।

# बारुद के ढेर पर बैठा है शहपुरा क्षेत्र और प्रशासन की मिली भगत से होती है डीजल पेट्रोल की चोरी, प्रदर्शन एवं ज्ञापन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिवस भिटोनी पेट्रोलियम कंपनी के पास रेलवे स्टेशन पर खड़ी रेट में आग लगी जिसमें पेट्रोल के साथ टैंकर में आग लगी हुई थी। प्रशासन आज लगभग दो घंटा में बुझ पाया। ज्ञात है उक्त उक्त ट्रेन ब्रेक के नजदीक की बीपीसीएल आईओसी एचपीसीएल के प्लाट भी थे जिनके अंदर हजारों लीटर पेट्रोल डीजल एलपीजी की गैस भंडारण था यदि उसमें आग लग गई होती तो शाहपुरा और उसके नजदीकी कई ग्राम आज की चपेट में आ जाते। लगभग 20 किलोमीटर का क्षेत्र प्रभावित होता और आपके प्रभाव से पूरा क्षेत्र खाक हो जाता विकट धन और जन की हानि होती ट्रेनों के रेको के माध्यम से बीपीसीएल आइ ओ सी एचपीसीएल के लिए ईंधन भंडार हेतु आता है जिसमें विगत कई वर्षों से स्थानीय चोरों द्वारा ईंधन की चोरी की जाती है इस कारनामे में आरपीएफ जीआरपी पुलिस प्रशासन ट्रेन बरैक का पायलट लोको पायलट भी सम्मिलित होता हैं।



चोरी की घटनाएं उसे स्थान पर अंजाम दी जाती है जहां सीसीटीवी कैमरा की रेंज नहीं रहती विशिष्ट कर दो नंबर प्लेटफार्म पौडी फाटक के नजदीक कैथरा स्थित शराब की दुकान के पास ईंधन चोरी की जाती है उक्त चोर नशे की हालत में बीड़ी सिगरेट शराब पीते हुए चोरी करते हैं जिससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उक्त तथ्यो की सूक्ष्मता से जांच करवा कर चोरी में शामिल स्थानीय निवासियों व प्लांट के कर्मचारी व अधिकारियों की विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। संबंधित अधिकारी जो इसमें संलग्न रहते हैं चोरी में उन पर भी कार्यवाही की जाए सुरक्षा के उचित प्रबंध कर रेलवे स्टेशन के नजदीक 24 घंटे फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रखी जावे एवं रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों का प्रवेश पूर्णता प्रतिबंधित किया जाये।

इस आशय का ज्ञापन क्षेत्रीय नागरिकों ने सौंपा। प्रदर्शन में डॉ नीलेश जैन, मोनू टहननगुरिया, आलोक जैन, सतीश जैन, रामबाबू सिंह, विवेक सिंह, राजेंद्र बंधु, मोनू जायसवाल, यश नहर, नरेंद्र जैन, रोहित गौड़, जानी गुमास्ता, रवि साहू, पार्षद घन्सू पटेल, शशि भूषण सिंह, अजय सोनी, अजय ताम्रकार, अरुणेश तिवारी, निखिल अग्रवाल, आकाश जैन, पिंटू बाबा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।





# जूडो शिविर का हुआ भव्य प्रारंभ, बच्चों ने सीखी जूडो की पहली तकनीक ओगोशी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिलौनीगंज, जबलपुर में आज से एक माह का विशेष जूडो शिविर प्रारंभ हुआ। इस शिविर का आयोजन जबलपुर जिला जूडो एसोसिएशन द्वारा किया गया है, जिसमें 8 से 20 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर की शुरुआत में जबलपुर के वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बच्चों को जूडो का अर्थ और उसके मूल सिद्धांतों से परिचित कराया। बताया गया कि जूडो एक जापानी शब्द है, जिसका अर्थ है कोमलता का मार्ग। यह एक ऐसी युद्ध कला है जिसमें तकनीक और संतुलन के माध्यम से बिना चोट पहुँचाए प्रतिद्वंदी को मात दी जाती है। शिविर के पहले दिन प्रतिभागियों को फिजिकल एक्सरसाइज तथा रोल व फॉल के साथ साथ जूडो की पहली तकनीक %ओगोशी% सिखाई गई। ओगोशी का अर्थ है मेजर हिप थ्रो । इस तकनीक में खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंदी को संतुलन बनाते हुए अपने कंधे पर उठाकर जमीन पर गिराता है।

प्रशिक्षक ने बताया कि, ओगोशी तकनीक से छात्रों में आत्मविश्वास, संतुलन और लचीलापन विकसित होता है, जो जूडो की मजबूत नींव रखता है।

शिविर में बच्चों का उत्साह देखने लायक था। सभी ने जूडो के नियम, तकनीक और आत्मरक्षा के गुरों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। पूरे माह भर प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न उन्नत तकनीकों की भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कौमी एकता के संवाहक जमील खान छिंदवाड़ा वर्तिका राष्ट्रीय सेवाश्री अलंकरण से सम्मानित होंगे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। छिंदवाड़ा। आज 27 अप्रैल को जबलपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका के 37 वें वार्षिक समारोह में विविध क्षेत्रों के मनीषियों को विभिन्न राष्ट्रीय अलंकरणों से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न व्यक्तित्वों के साथ वर्तिका राष्ट्रीय सेवाश्री अलंकरण 2025 से जनाब जमील खान छिंदवाड़ा को भी सम्मानित किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि 36 वर्षों से जमील खान ने निरंतर जनता की सेवा कर एवं कौमी एकता की मिसाल कायम की है। काली पूजा, दुर्गा पूजा, राम नवमी, ईद मिलादुन्नबी, नवदुर्गा, मोहर्रम एवं अन्य कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले जमील खान जनपद पंचायत परासिया के वर्तमान में उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उनके द्वारा कोरोना काल में लोगों के घर घर जाकर भोजन, किराना की किट्स वितरण की गई हैं। हॉस्पिटल में ऑक्सीजन मशीन एवं ग्राम पंचायतों में ऑक्सीजन सिलेंडर रखवाने के साथ ही जनता के लिए कोरोना काल में जनाब जमील खान द्वारा जनता की तन-मन-धन से सेवा की गई है। विगत 3 दिसंबर को मुंबई मलाड में अवॉर्ड शो में जमील खान को सोशल वर्कर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2022 उन्हें दिया गया।

जमील खान ने समाजसेवी एवं सरपंच से लेकर जनपद उपाध्यक्ष तक की सफल यात्रा तय की है। 1998 में जमील खान को उनके ग्राम जाटा छापर के

सरपंच कार्यकाल में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विकास की यूनिटी अवार्ड सर्वश्रेष्ठ पंचायत व सर्वश्रेष्ठ सरपंच का भी अवार्ड दिया गया है।

छिंदवाड़ा के अनेक समाजसेवियों व मित्रों ने वर्तिका राष्ट्रीय सेवाश्री अलंकरण मिलने पर जमील खान को बधाईयाँ दी गईं।



भोपाल -खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 6 लाख 44 हजार 878 किसानों से 56 लाख 85 हजार 477 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 4000 करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी के विरासत के साथ विकास के मंत्र को चरितार्थ करने राज्य सरकार प्रतिबद्ध-उद्योग, रोजगार, कृषि, कौशल उन्नयन के लिए तेजी से हो रहा है कार्य**

# राज्य सरकार सेवा भाव के साथ जन-कल्याण के लिए कर रही है कार्य-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत ञ्च2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार मिशन मोड में कार्य कर रही है। प्रदेश के गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन की शुरुआत कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिलना, हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि कर्मशीलता जीवन का ध्येय है और कार्य का मूल्यांकन तो समाज और संगठन करता है। मध्यप्रदेश अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भारत का सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार ने पहले संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) और भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 आयोजित कीं, जिससे 30 लाख करोड़ से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ। प्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट 12 प्रतिशत से अधिक है। राज्य सरकार ने दुग्ध उत्पादन क्षमता 9त्र से बढ़ाकर 20त्र तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। सरकार विरासत के साथ विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए मध्यप्रदेश को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार ने इस वर्ष 4 लाख 21 हजार करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है। यह प्रदेश की ग्रोथ को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टेट ऑफ स्टेट्स कॉन्क्लेव में उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ प्रदेश सरकार के 500 दिन पूर्ण होने पर यह विचार रखे। कॉन्क्लेव में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।







मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेश में 100 से अधिक औद्योगिक पार्क स्थापित हो चुके हैं। हर सेक्टर में निवेशक उद्योग-व्यापार करने के लिए मध्यप्रदेश का रुख कर रहे हैं। यह प्रदेश की उपलब्धि है कि दक्षिण के राज्यों में कॉटन (कपास) के क्षेत्र में कार्य करने वाली औद्योगिक इकाइयां भी मध्यप्रदेश आ रही हैं। आगामी वर्षों में राज्य में बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार मिलेगा, साथ ही शासकीय पदों पर भी भर्ती जारी रहेगी। सरकार ने 5 वर्ष में ढ़ाई लाख नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि किसान-कल्याण और खेती को फायदे की गतिविधि बनाने के लिए समग्र रूप से गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गेहूं का मूल्य कभी 600 रुपए हुआ करता था, जिसे आज हमारी सरकार 2600 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद रही है। किसानों की समृद्धि के लिए नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। किसानों को धान और सोयाबीन के साथ कम पानी और लागत वाली वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पशुपालन से गौपालकों की आय बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना प्रारंभ की गई है। इसमें कोई गौपालक एक यूनिट (25 गाय) से लेकर 8 यूनिट (200 गाय) तक पाल सकता है। सरकार गौपालकों को 25 प्रतिशत तक अनुदान देगी। इन योजनाओं से प्रदेश में दूध उत्पादन तो बढ़ेगा ही साथ में प्रदेशवासियों को रोजगार के और अधिक अवसर भी उपलब्ध होंगे। दूध उत्पादन में गुजरात ने आदर्श मॉडल प्रस्तुत किया है, राज्य सरकार ने भी राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ सहकारिता अनुबंध किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा देश जल्द ही अर्थव्यवस्था के मामले में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ेगा। मध्यप्रदेश सरकार व्यापार में निवेश बढ़ाने के साथ युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है, इससे जर्मनी और जापान मैन पॉवर की कमी से जूझ रहे देशों में भी हमारे युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। जापान और जर्मनी जैसे टेक्नोलॉजी में हमसे आगे चल रहे देशों की नवीन तकनीकों का प्रदेश हित में लाभ लेने की दिशा में भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। सरकार ने नई उद्योग नीति में रोजगार आधारित उद्योग स्थापित करने पर जमीन उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है। मध्यप्रदेश सरकार कारोबारियों को टैक्स में भी छूट प्रदान करेगी। प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में अगर कोई रोजगार आधारित उद्योग लगाएगा तो उन्हें सब्सिडी प्रदान की जाएगी। नई औद्योगिक नीति में उद्योग स्थापित करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है। प्रदेश में आ रही औद्योगिक इकाइयों के लिए सभी जरूरी अनुमतियों को पूरा करने और आवश्यक समन्वय के लिए कलेक्टरों के मार्गदर्शन में सभी जिलों में प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से सहायता उपलब्ध कराई गई है। इन परियोजनाओं से राज्य का सिंचाई रकबा बढ़ेगा। नर्मदा, केन-बेतवा जैसी बड़ी नदियां मध्यप्रदेश से ही निकलती है, प्रदेश के वन इन नदियों की समृद्धि का आधार हैं।

**उप मुख्यमंत्री शुक्ल श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए**

# विकास को वरदान बनाता है संस्कार -उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि व्यक्तियों के समूह से समाज बनता है और समाज से देश का निर्माण होता है, लेकिन संस्कार देने का कार्य समाज करता है। विकास को वरदान बनाता है संस्कार। संस्कार से ही सशक्त समाज की रचना होती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ड्रीम वर्ल्ड गार्डन एवं रिसोर्ट गोम्मटगिरि इंदौर में आयोजित श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव के अवतार है बागेश्वर और ऋषि कश्यप के वंशज है, जिनका संबंध कश्मीर से है। बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज देशभर में फैला है और यह शिक्षा, स्वास्थ्य के बेहतरी के साथ सामूहिक विवाह जैसे कार्य भी कर रहा है, जो अनुकरणीय है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर रोजगार के क्षेत्र में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, स्टार्टअप योजना आदि शामिल है। इन योजनाओं से समाज लाभान्वित हुआ है और उनके जीवन में बदलाव आया। श्री शुक्ल ने कहा कि देश में जितने अधिक रोजगार के अवसर होंगे, भारत उतनी तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इसमें हर समाज अपनी भूमिका निभायें। श्री शुक्ल ने युवाओं से आहवान किया कि देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये और नशे से दूर रहें। सामाजिक उत्थान के साथ धार्मिक उत्थान की दिशा में भी कार्य करें, जिससे सनातन धर्म और मजबूत हो। श्री शुक्ल ने इंदौर के नागरिकों की स्वच्छता के संस्कार की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश को स्वच्छ बनाने की पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की थी, लेकिन इसमें इंदौर ने अहम भूमिका निभाई। इंदौर के नागरिक स्वच्छता के प्रति बड़े सजग है। वे चॉकलेट के रैपर से केले के छिलके तक को सड़क पर नहीं फेंकते। इसी वजह से इंदौर शहर पूरे देश में लगातार सातवीं बार स्वच्छता में नम्बर वन बना हुआ है। यह साधारण बात नहीं, बगैर इच्छा शक्ति के यह संभव नहीं है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे यहां बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भी है, जो सनातन धर्म की ध्वजा को पूरे देश में फैला रहे हैं।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए इंदौर निवासी सुशील नथानियल के पार्थिव शरीर को इंदौर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी.

# अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों पर करें कार्रवाई : राज्यमंत्री गौर

भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने गुरुवार को वार्ड 56 में क्षेत्रवासियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और एसडीएम को अवैध कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान आनंद बिहार कालोनी और नरेंद्र नगर बरखेड़ा पठानी की महिलाओं ने राज्यमंत्री गौर को बताया कि बिल्डर ने प्लॉट बेच दिए। पानी, बिजली और नाली जैसी कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई।

स्?थानीय नागरिकों ने बताया कि एक पेट्रोल पंप संचालक ने अटल चौराहे से 80 फीट रोड पर अतिक्रमण कर आम रास्ता बंद कर दिया है। रहवासियों ने वैकल्पिक मार्ग देने की मांग की। स्थानीय नागरिकों ने अधूरे पड़े सुलभ शौचालय का निर्माण पूरा कराने की मांग की।

माता मंदिर बरखेड़ा पठानी में महिलाओं ने नाली की सफाई नहीं होने, कचरा नहीं उठाने की शिकायत की। राज्यमंत्री गौर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए लापरवाही करने वाले कर्मचारियों ने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं किया, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। साकेत नगर सेक्टर-3डी नुपुर बाल उघान के नागरिकों ने पार्क में असामाजिक तत्वों के कब्जा कर अवैध कॉमर्शियल गतिविधियां संचालित किये जाने की शिकायत की।

**किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध**

# मंदसौर में 3 मई को होगी एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव-कृषि मंत्री कंषाना

भोपाल-(आरएनएस) किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि आगामी 3 मई को मंदसौर में एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव आयोजित की जायेगी। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। सरकार द्वारा उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल के बोझ से मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान, खेती की नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें। इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव में आधुनिक कृषि तकनीकों व उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कृषि के साथ खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित जानकारी मिलेगी।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी संभागों में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन मेलों का उद्देश्य किसानों को कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित नवीनतम जानकारी और तकनीक से अवगत कराना है। साथ ही उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार ने अगले तीन साल में प्रत्येक साल में 10 लाख सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा है, जिससे किसानों को ऊर्जादाता बनने में मदद मिलेगी। सरकार ने इसके लिए अभियान शुरू कर दिया है और किसानों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत ञ्च2047 के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिया है। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है। %मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन में अब कृषि से जुड़े विभागों की योजनाएं एक मंच पर समन्वित रूप से क्रियान्वित होंगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है और इस क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हरसंभव प्रयास जारी हैं।

# आपदा प्रबंधन पर जनजातीय छात्रावास में एक दिवसीय कार्यशाला

भोपाल-(आरएनएस) एनडीआरएफ द्वारा भदभदा स्थिति अनुसूचित जाति एवं जनजातीय महाविद्यालयीनबाल छात्रावास में आपदाप्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्राकृतिक आपदा के दौरानजीवनरक्षक, प्राथमिक उपचार एवं प्रबंधनपर केन्द्रित कार्यशाला में एनडीआरएफ के द्वारा छात्रों एवंस्टॉफ को आपदा संबंधी विभिन्न पहलूओं पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय आपदा राहत दलकी 11वीं बटालियन के निरीक्षकश्री सत्यजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित इस छात्रावास के छात्रों को एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों द्वारा सर्पदंश, सीपीआर देने एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को सीपीआर की प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत बाढ़ एवं भूकंप जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिये मॉकड्रिल के माध्यम से शेडो प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान काउंसलिंग अधिकारी श्री अमित कुमार अरजरिया ने आपातकालीन घटनाओं आपदा की स्थिति में सतर्क और जागरूक रहने का संदेश दिया।

**राज्य शिक्षा केन्द्र ने कलेक्टर्स को जारी किये निर्देश**

# अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन निश्शुल्क प्रवेश प्रक्रिया 5 मई से होगी

भोपाल-(आरएनएस)प्रदेश में निश्शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निश्शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं।

जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई, 2025 को निश्शुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा। आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्रायवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निश्शुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र (शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गयी है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, के.जी.-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, के.जी.-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्धारित तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

# सिविल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण होगा सुभाष नगर आरओबी का थर्ड लेग-मंत्री सारंग

भोपाल (आरएनएस) सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को सुभाष नगर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के प्रस्तावित थर्ड लेग निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की रूपरेखा का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग (सेतु), नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ मार्ग का अवलोकन कर थर्ड लेग निर्माण में आने वाली संभावित बाधाओं की समीक्षा कर उन्हें दूर करने के भी निर्देश दिए।




मंत्री श्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से अब तक 10 फ्लाई ओवरों की सौगात दी है। विगत वर्ष बने सुभाष नगर आरओबी से 5 लाख नागरिकों को सुविधा मिल रही है। अब इसी आरओबी का विस्तार करते हुए इसका 'थर्ड लेग' तैयार किया जाएगा। यह फ्लाई ओवर, सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा। थर्ड लेग से भेल क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को एमपी नगर एवं न्यू भोपाल पहुँचने में और अधिक सुगमता होगी।

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि यह थर्ड लेग तकनीकी दृष्टि से अत्यंत उन्नत होगा तथा सिविल इंजीनियरिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। यह फ्लाई ओवर, सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा और अत्यंत आकर्षक डिज़ाइन के साथ कर्व लेते हुए निर्मित किया जाएगा। इसके निर्माण में लगभग 242 मीटर का स्पान शामिल होगा और इसकी अनुमानित लागत लगभग 22 करोड़ रूपये है। उन्होंने बताया कि थर्ड लेग की डिजाइन तैयार हो चुकी है और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि वर्तमान में भेल क्षेत्र की ओर से आने वाले यात्रियों को सुभाष नगर फ्लाई ओवर पर चढ़ने के लिए प्रभात चौराहा होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। थर्ड लेग के निर्माण से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। अब भेल से आने वाले वाहन पुराने फ्लाई ओवर पर सीधे चढ़ सकेंगे। इसके साथ ही मैदा मिल और एमपी नगर की ओर से भेल क्षेत्र की ओर जाने वाले यात्रियों को भी अब प्रभात चौराहे का रूट नहीं लेना पड़ेगा और मैदा मिल की तरफ से थर्ड लेग से चढ़कर मोती नगर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि यह थर्ड लेग यात्रियों को सीधे और सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध कराएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अच्छी होगी मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में ट्रैफिक सिस्टम को सुव्यवस्थित करने के लिए हमने एक ठोस कार्य योजना बनाई है, जिसका निरंतर विस्तार किया जा रहा है। यह थर्ड लेग ना सिर्फ यातायात सुविधा को बढ़ाएगा, बल्कि भोपाल शहर के बुनियादी ढांचे को भी एक नई ऊँचाई प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि थर्ड लेग की डिजाइन मंत्री श्री सारंग के निर्देश पर तैयार की गई है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक  पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर  सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला

भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक से तकरीबन साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपयों के गबन का आरोप है। मोदी अभी लंदन की जेल में है और भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ कानूनी जंग लड़ रहा है। इस घोटाले में उसकी पत्नी एमी और भाई निशाल भी मुख्य अभियुक्त हैं। चोकसी मुंबई की अदालत में हलफनामा दे कर भारत आने में अक्षमता जाहिर कर चुका है। वह कैंसर का मरीज है, जिसका इलाज बेल्जियम में चल रहा है। भारतीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के साथ मिल कर प्रत्यर्पण का प्रयास कर रही हैं।

बैंक ने 2018 में पहली बार मोदी, चोकसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 280 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। जांच के बाद यह देश का सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला निकला। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी पाई गई। हालांकि मोदीकाल में होने वाले बैंक घोटालों में यह अकेला नहीं है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार 2012-16 के दरम्यान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया जा चुका है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 429, आईसीआईसीआई के करीब 455, स्टैंडर्ड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के  237 के करीब धोखाधड़ी के मामले पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। मोदी के इस घोटाले के बाद पीएनबी ने अपने बीस कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। बैंकों के इस गोरखधंधे में बैंककर्मियों की मिली-भगत पकड़ी गई है।

## पहलगाम आतंकी हमले से सुलगते हुए सवाल अब मांग रहे हैं दो टूक जवाब, आखिर देगा कौन?

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है, क्योंकि इस क्रूर इस्लामिक मिजाज वाले हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोग मरे गए हैं और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यहाँ पर बहशी आतंकियों ने जिस तरह से नाम पूछ-पूछ कर, कलमा पढ़वाने की बात करके, शक होने पर खतना चेक करके निर्दोष लोगों पर गोलियां बरसाई, उसने मानवता को हिलाकर रख दिया है। वहीं इस घटना के कई वीडियो जिस तरह से इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं, उनमें इस हमले की बर्बरता स्पष्ट दिखाई दे रही है। इसलिए पुनः सुलगता हुआ सवाल यही कि आखिर कबतक रुकेंगे ऐसे आतंकवादी हमले और इन्हें रोकने में हमारा प्रशासन हर बार क्यों विफल हो जाता है? अलबत्ता पहलगाम आतंकी हमले से सुलगते हुए सवाल अब मांग रहे हैं दो टूक जवाब, लेकिन आखिर इसे देगा कौन? यक्ष प्रश्न है!

कहना न होगा की साँपों को दूध पिलाने वाले और आतंकियों को बिरियानी खिलाने वाले इस देश में अब आमलोगों की जिन्दगी में यही बदनसीबी बदी हुई है, क्योंकि पुलिस और सैन्यबल के जवान तो बड़े बड़े नेताओं, नौकरशाहों, जजों और उनके मित्र उद्योगपतियों की निर्विघ्न यात्रा के सम्पादन में जुटे हुए रहते हैं! वहीं 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर पहलगाम की वादियों में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं किए गए, यह जम्मू-कश्मीर की उमर अब्दुल्ला सरकार और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि यह उनकी स्पष्ट लापरवाही नहीं तो फिर क्या है, वही बता सकते हैं?

आपको बता दें कि यह आतंकी हमला मंगलवार दोपहर करीब 2~30 बजे हुआ, जिसमें करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। लश्कर-ए-तैयबा (रुझ्ज्ञ) से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (ज्ञक्रन्न) ने इस घृणित काम की जिम्मेदारी ली है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि इस आतंकी घटना के पीछे का कारण क्या है? आखिर क्यों दहशतगर्तों ने पहलगाम और पर्यटकों को ही निशाना बनाया? वहां भी महिलाओं और बच्चों को छोड़कर सिर्फ पुरुषों को ही निशाना क्यों बनाया?

सवाल यह भी है कि अमरनाथ यात्रा से पहले ही पहलगाम में पर्यटकों को निशाना क्यों बनाया गया? मसलन कुछ लोगों ने यह बताया है कि ये आतंकवादी हमले 'वक्फ अधिनियम में संशोधन' के बाद नरेंद्र मोदी सरकार को एक बड़ा संदेश देना चाहते थे और इसलिए उन्होंने अपना सारा गुस्सा पर्यटकों पर ही निकाला है। क्योंकि वायरल वीडियो में से एक वीडियो में पीड़िता कहते हुए दिख रही है कि उसके पति को गोली मारने के बाद आतंकी ने कहा था %बता देना अपने मोदी को।% इससे साफ है कि क्या वो देश की सरकार को यह संदेश देना चाह रहे थे कि वो उनकी किसी भी बात को नहीं मानेंगे?

ऐसे में पुनः वही सवाल उठता है कि क्या कश्मीर में कांग्रेस के सहयोग से निर्वाचित नेशनल कांफ्रेंस की उमर अब्दुल्ला सरकार में आतंकवाद फिर से जिंदा हो चुका है? क्योंकि जिस तरह से अमरनाथ यात्रा से पहले ये सुनियोजित और अप्रत्याशित हमला हुआ है, उसने एक बार फिर से कश्मीर में आतंकवाद के जिंदा होने का स्पष्ट प्रमाण दे दिया है।

अलबत्ता अब सांप भाग जाने पर लकीर पीटने जैसी कार्रवाई से खोया हुआ पर्यटक विश्वास तुरंत बहाल नहीं किया जा सकता है। क्योंकि ये आतंकी हमला कोई पहली बार नहीं हुआ है जब अमरनाथ यात्रा के बेस कैंप पहलगाम को निशाना बनाया गया है।

आंकड़े बताते हैं कि इससे पहले 6 अगस्त 2002 को पहलगाम में एक शिविर पर हुए हमले में नौ लोग मारे गए थे, जबकि 20 जुलाई 2001 को भी एक शिविर पर हुए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई थी। यदि देखा जाए तो बीते ढाई दशक में इस तरह का यह 11वां बड़ा हमला है, जिनमें अभी तक 227 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

दरअसल जम्मू-कश्मीर में आम लोगों पर हुए बड़े आंतकी हमलों में एक आतंकी हमला 21 मार्च 2000 की रात को अनंतनाग जिले के छत्तीसिंहपोरा गांव में किया गया था। जिसमें आतंकियों ने अल्पसंख्यक सिख समुदाय को निशाना बनाया गया था। इस आतंकी हमले में कुल 36 लोगों की जान गई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल भी बताए गए थे7 वहीं इसी साल यानी 2000 के अगस्त माह में पहलगाम के नुनवान बेस कैंप आतंकी हमला हुआ था जिसमें अमरनाथ तीर्थ यात्रियों को निशाना बनाया गया था7 इस हमले में स्थानीय लोगों के साथ-साथ कुल 32 तीर्थ यात्रियों की हत्या की गई थी7  इसके बाद जुलाई 2001 में भी अमरनाथ यात्रियों को आतंकियों ने फिर निशाना बनाया। इस हमले में आतंकियों ने 13 लोगों की हत्या की थी7 ये हमला अनंतनाग के शेषनाग बेस कैंप पर हुआ था। वहीं जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में राज्य विधानमंडल परिसर पर आत्मघाती आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 36 लोग मारे गए थे जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं वर्ष 2002 में कश्मीर के चंदनवारी बेस कैंप पर आतंकी हमला हुआ, जिसमें 11 अमरनाथ यात्री मारे गए थे। वहीं 23 नवंबर 2002 को जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से विस्फोट किया गया था

## वक़्फ़ संशोधन विधेयक 2025~एक नई दिशा की ओर!

जहाँ तक न्यायिक प्रक्रिया की बात है, अब वक़्फ़ मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधिकरण स्थापित किए जाएंगे जिनमें योग्य न्यायाधीशों की नियुक्ति होगी। इससे वर्षों तक लटके हुए वक़्फ़ विवादों का शीघ्र और न्यायसंगत निपटारा संभव होगा।

भारत में वक़्फ़ संपत्तियाँ मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक पवित्र अमानत मानी जाती हैं। इस्लाम में वक़्फ़ की परिकल्पना एक ऐसे संस्थान के रूप में की गई है जो समाज के वंचित और ज़रूरतमंद वर्ग की सेवा करे और न्याय, दया तथा साझेदारी जैसे मूल्यों को सुदृढ़ बनाए। लेकिन बीते वर्षों में वक़्फ़ संपत्तियों पर अवैध कब्ज़े, प्रशासनिक लापरवाहियाँ, भ्रष्टाचार और कानूनी उलझनों ने इस प्रणाली को खोखला बना दिया है। मुसलमानों के इस पवित्र संसाधन का दुरुपयोग हुआ, जिससे न केवल समुदाय का विश्वास टूटा, बल्कि धार्मिक और सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति में भी बाधा उत्पन्न हुई। इन्हीं जटिलताओं के समाधान हेतु केंद्र सरकार द्वारा वक़्फ़ संशोधन विधेयक 2025 प्रस्तुत किया गया है, जो मौजूदा वक़्फ़ अधिनियम 1995 में व्यापक परिवर्तन करता है। यह विधेयक न केवल वक़्फ़ संपत्तियों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि वक़्फ़ प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक हित को भी प्रमुखता देता है। इस विधेयक के माध्यम से वक़्फ़ जायदादों को 'सार्वजनिक धर्मार्थ संपत्ति' के रूप में चिन्हित कर उन्हें विशेष कानूनी संरक्षण देने की कोशिश की गई है, जिससे अब कोई भी व्यक्ति या संस्था इन पर आसानी से दावा नहीं कर सकेगा। यह एक ऐतिहासिक क़दम है क्योंकि इससे उन लाखों एकड़ वक़्फ़ ज़मीनों को बचाया जा सकेगा जो दशकों से गैर-कानूनी कब्ज़ों के अधीन हैं। इसके साथ ही, यह विधेयक वक़्फ़ बोर्डों को डिजिटल प्रणाली के अंतर्गत लाने का निर्देश देता है,

## जानिए आखिर क्यों पाकिस्तान कर रहा है आतंकवाद फ़ैलाने जैसा गंदा काम?

जब अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निर्माता कम्पनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा!

दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को 'ह' से 'हलंत' तक की बात समझा रहा हूँ7 वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना-समझना जरुरी है! हालाँकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार-बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है।

ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका-ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूँकि चीन-रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका-चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाय विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को 'उनके' ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र की बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे।

तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत-चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को उसकी कीमती खनिज सम्पदा के लिए ब्लैक मेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे। हालाँकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबन्ध उसपर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है। इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है। लेकिन इसके पीछे की एक और कड़वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए! क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते!

यहाँ यह भी संभव है कि भारत के कड़े रूख के मद्देनजर उन्होंने जानबुझकर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे

## यदि स्त्री करे पूजा पाठ तो होगी धन की बरसात

सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक  पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर  सकते है.

स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है लेकिन बदलते समय के अनुसार ये चीजें बदल चुकी है कई परिवार में स्त्री भी काम कर रही है, लेकिन फिर भी घर की समृद्धि के लिए पंचांग अनुसार जो पूजा पाठ है वो स्त्री के हाथों से ही शुभ माना गया है.

*स्त्री का शुक्र माना गया है जो कि गुरु की राशि में उच्च का माना जाता है, यदि कोई भी स्त्री मंदिर जाना पूजा पाठ करना अपने दैनिक जीवन में शामिल कर लेती है तो उसको जीवन में कोई कमी नहीं होगी. पुरुष को मंगली माना गया है जो शनि ग्रह की राशि में उच्च का माना जाता है, पुरुष को कड़ी मेहनत करनी चाहिए, यदि वे केवल नम्र स्मरण करे और उनके घर की स्त्री पूजा पाठ करे तो परिवार में समृद्धि आती है, इसमें कोई संदेह वाली बात नहीं है.

## क्या बिहार में जेपी से बीजेपी तक का सफर अक्टूबर नवम्बर 2025 विधानसभा चुनाव में पूरा होगा

अजय दीक्षित

14 करोड़ आबादी वाले भारत के दूसरे सबसे बड़े राज्य बिहार की 243 विधानसभा सीटों के चुनाव अक्टूबर नवम्बर 2025 में होने वाले हैं। उत्तर प्रदेश, झारखंड,नेपाल की सीमा से लगे इस बिहार राज्य में जातिवाद और आरक्षक का मुद्दा प्रमुख है।इस प्रदेश में यादव, मुस्लिम, बाहुल्य है लेकिन भूमिहार, राजपूत,कोरी, पासी, ब्राह्मण, आदि जातियों है ।इस प्रदेश में शायद जगन्नाथ मिश्र अंतिम कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे हैं। वर्तमान में नीतीश कुमार 2004 से मुख्यमंत्री हैं।

इस बार के चुनाव बिहार को जेपी से बीजेपी तक पहुंचा रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी का बिहार में राज करने का सपना 2025 में तो नहीं 2026 में पूरा होगा । क्योंकि नीतीश कुमार किसी बीमारी से ग्रसित हैं।भाजपा ने माइक्रो चुनाव प्रबंधन किया है और बिहार मामलों के प्रभारी विनोद तावड़े पीछे 6 माह से बिहार के पटना में डटे हैं और पूरे बिहार की खाक छान रहे हैं।अब चुनाव की गतिविधियों तेज हो गई हैं 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा आ रहे हैं और इस दिन लाडली बहना जैसी विशाल घोषणा हो सकती है जिसमें 173००0 एक करोड़ तिहतर महिलाओ को 1500से 2500 देने की घोषणा हो सकती है।इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव और अश्विनि वैष्णव को भी जिम्मे दारी मिल सकती हैं और विनोद तावड़े पहले से ही है।

राजद, कांग्रेस,से निपटने के लिए कुर्मी,कोरी,पासी,रजक,जैसी छोटी जातियों की ओर एनडीए में लाया जा रहा है अभी यह तय नहीं कि मुख्यमंत्री चेहरा कौन होंगे लेकिन नीतीश कुमार ही होंगे।कई राज्यों के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, भजनलाल, विष्णु सहाय , नायब सैनी, योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान की भी भूमिका बढ़ेगी ।सीटों का तालमेल 243 में से 115पर भाजपा और इतने पर ही जेडीयू लड़ेगी वाकी पर लोजपा,हम पार्टी लड़ेगी और इस बार का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेस पर होगा। पहली बार बिहार से जेपी से बीजेपी तक का सफर शुरू होगा ।बिहार में मिथिलांचल,मगध, मध्य बिहार क्षेत्र है।मध्य बिहार में यादव मुस्लिम बाहुल्य है वहीं मगध में भूमिहार राजपूत है वही मिथिलांचल में ब्राह्मण का बोलबाला है।आजादी के भगवत झा आजाद, ललित नारायण मिश्रा, अब्दुल गफूर, कर्पूरी ठाकुर,रमई राम, बाबू जगजीवन राम, जयप्रकाश नारायण, चंद्रशेखर,नेता थे वहीं 1990 में उदय हुआ लालू यादव का

कुछ दिनों जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव, अश्विन चौबे, सुशील कुमार मोदी,नेता रहे लेकिन नीतीश कुमार ने बिहार। को जाति धर्म समुदाय से बाहर कर विकास का रास्ता दिखाया।बिहार की मुख्य समस्या है रोजगार यहां युवा शादी होते ही सबसे पहले दिल्ली का रुख करता है।

## मोक्ष और मनोकामनाओं की पूर्ति का पावन पर्व है वैशाख अमावस्या

रविवार 27 अप्रैल को वैशाख मास की अमावस्या है, इसे सतुवाई अमावस्या कहा जाता है। इस तिथि पर पूजा-पाठ के साथ ही दान-पुण्य और पितरों के लिए धूप-ध्यान करने की परंपरा है। ज्योतिष में सूर्य को रविवार का कारक ग्रह माना जाता है। इसलिए रविवार और अमावस्या के योग में दिन की शुरुआत सूर्य पूजा के साथ करनी चाहिए। इस अमावस्या पर सत्तु का दान करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार वैशाख मास भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है और इस मास की अमावस्या तिथि का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर - जोधपुर  के निदेशक ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि इस वर्ष वैशाख अमावस्या 27 अप्रैल को पड़ रही है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य और भगवान लक्ष्मी नारायण की विधिपूर्वक पूजा करने से व्यक्ति को न केवल समस्त पापों से मुक्ति मिलती है,

## देश में एक नया दर्शन स्थापित

अजीत द्विवेदी

कर्ज लेकर घी पीने का एक दर्शन भारत में रहा है। चार्वाक ऋषि को इस दर्शन का प्रणेता माना जाता है। हालांकि यह दर्शन ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कर्ज लेकर घी पीने वालों को भारतीय समाज में फ्रॉड माना जाता है। इसलिए यह काम बड़े लोगों खासकर उद्योगपतियों, कारोबारियों, नेताओं आदि के लिए छोड़ दिया गया। मध्यवर्ग अपनी मोरालिटी में इससे दूर रहा तो निचले तबके को इसका मौका ही नहीं मिला। लेकिन अब देश में एक नया दर्शन स्थापित हो रहा है। कर्ज लेकर दाल-रोटी चलाने का। नोटबंदी, जीएसटी और केंद्र सरकार की अन्य आर्थिक नीतियों के साथ साथ कोरोना की महामारी ने भारतीय समाज को इस दर्शन का अनुपालन करने के लिए मजबूर कर दिया है।

भारत में कर्ज के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एक तरफ अमीरों का कर्ज है, जिसमें से पिछले 10 साल में 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भारत सरकार ने बट्टेखाते में डाला है तो दूसरी ओर रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिए गए कर्ज का आंकड़ा है, जिसके बोझ तले देश का मध्य वर्ग दबा हुआ है।

कोरोना महामारी के बाद घरेलू कर्ज यानी रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्तरों पर कर्ज डिफॉल्ट हो रहा है और बैंकों का पैसा डूब रहा है। रिजर्व बैंक के पिछले साल यानी 2024 में क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में डिफॉल्ट राशि 28.42 फीसदी बढ़ कर 6.742 करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल जून तक गोल्ड लोन का डिफॉल्ट 6,696 करोड़ रुपए हो गया था। क्रेडिट कार्ड और गोल्ड लोग दोनों का कर्ज छोटी छोटी घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया गया है। जून 2021 में जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर समाप्त हुई उस समय घरेलू कर्ज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 36.5 फीसदी था, जो जून 2024 में बढ़ कर जीडीपी के 42.9 फीसदी तक पहुंच गया। अगर 2015 से 2019 की चार साल की अवधि को देखें तो घरेलू कर्ज का औसत जीडीपी के 33 फीसदी के आसपास था। यानी 2019 के बाद से इसमें 10 परसेंटेज प्वाइंट की बढ़त हुई है। अगर भारत की जीडीपी चार सौ लाख करोड़ रुपए है तो इसका मतलब है कि चार साल में घरेलू कर्ज में 40 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है।

घरेलू कर्ज के आंकड़ों की थोड़ी और बारीकी में जाते हैं तो पता चलता है कि मार्च 2021 से मार्च 2024 की तीन साल की अवधि में बैंकों से लिए जाने वाले पर्सनल लोन में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज और हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसी अवधि में मिनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 67 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसकी तुलना में इसी अवधि में घरेलू आय में 43 फीसदी और उपभोग में 49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यानी आय व उपभोग के अनुपात में कर्ज ज्यादा बढ़ा है। अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि अगर कर्ज बढ़ने का ट्रेंड 2015 से 2019 वाला रहता और उसके बाद चार साल में जितनी तेजी से बढ़ा है वैसे नहीं बढ़ता तो उपभोक्ता खर्च में जीडीपी के दो फीसदी के बराबर कमी आती। इसका बहुत बड़ा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता।

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ज्यादातर कर्ज घरेलू और रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया जा रहा है। निवेश करने या कारोबार बढ़ाने के लिए इस अनुपात में कर्ज नहीं लिया जा रहा है। दूसरी खास बात यह है कि पांच लाख रुपए सालाना से कम आय वाले लोग अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। यही कारण है कि अनसिक्योर लोन की मात्रा सबसे ज्यादा बढ़ रही है। अगर बैंकों से लिए जाने वाले घरेलू कर्ज में क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के कर्ज को जोड़ दें तो मार्च 2021 से मार्च 2024 की अवधि में कर्ज बड़ने का आंकड़ा 82 फीसदी पहुंच जाता है। इन तीनों मामलों यानी घरेलू कर्ज, क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का कर्ज इसी अवधि में 130 फीसदी की दर से बढ़ा है। तभी माना जा रहा है कि पांच लाख से कम आय वाला घर चलाने के लिए कर्ज ले रहा है और उससे ज्यादा मध्य आय वाला वर्ग घर और कार आदि के लिए कर्ज ले रहा है।

चिंता की दूसरी बात यह है कि पहले से चल रहे कर्ज के बाद भी परिवार कर्ज ले रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक निजी कर्ज लेने वाले पांच से में तीन लोगों के ऊपर एक साथ तीन लोन की किस्तें चल रही हैं। माइक्रो फाइनेंस की बात करें तो छह फीसदी ऐसे हैं, जिन पर चार या उससे ज्यादा कर्ज चल रहे हैं। इसका मतलब है कि घरेलू आय का बड़ा हिस्सा कर्ज की किस्तें भरने में जा रहा है और अगर आय में बहुत जल्दी व तेजी से बढ़ोतरी नहीं होती है तो बैंकों के कर्ज एनपीए में बदलेंगे या आम लोगों पर कर्ज चुकाने का बहुत बड़ा दबाव बनेगा। उनकी कमाई का ज्यादा हिस्सा कर्ज चुकाने में जाएगा।

तभी रिजर्व बैंक ने कर्ज की शर्तें सख्त करने और जोखिम का आकलन करने का निर्देश दिया। इससे कर्ज देने की रफ्तार में थोड़ी कमी आई लेकिन इसका असर उपभोग पर पड़ा और विकास दर गिर गई। सो, यह अलग जोखिम है। इस बीच रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी शुरू कर दी है। दो कटौती हो गई है। इससे कर्ज और उपभोग दोनों बढ़ेंगे। पर मुश्किल यह है कि अगर कमाई नहीं बढ़ी तो कर्ज कहां से चुकता होगा? फिर तो बैंकिंग सेक्टर का भी भट्ठा बैठेगा। ध्यान रहे बैंकों के कर्ज में निजी और घरेलू कर्ज का हिस्सा एक तिहाई है और एनबीएफसी व एचबीएफसी के कर्ज में आधा है।

ऐसा नहीं है कि उपभोग के लिए सिर्फ निजी कर्ज या क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर उत्पादों के लिए बैंकों या एनबीएफसी से कर्ज लिए जा रहे हैं, गोल्ड लोन यानी सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ा है। इसका भी ज्यादातर हिस्सा घरेलू जरुरतों को पूरा करने से जुड़ा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2025 में गोल्ड लोन में 87.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। 2019 से 2024 के बीच सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या में 22 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज नए संपर्क बनेंगे। किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। आज आपका व्यवस्थित और सकारात्मक दृष्टिकोण हर जगह उचित तालमेल बनाकर रखेगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपकी निजी समस्या सुलझ सकती है। व्यक्तिगत रिश्ते में चल रही समस्याओं को अपने ऊपर हावी ना होने दें।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपने राजनैतिक अथवा सामाजिक संपर्कों को और अधिक मजबूत करेंगे ।

सिंह राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है।

तुला राशिः आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने खास कार्यों की रूपरेखा बना ले ।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद होने वाला है। आज आपको आय के नए रास्ते सामने नज़र आ सकते हैं। आज ऑफ़िस में किसी सीनियर का सहयोग मिलने से काम में आसानी होगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधान रहें।

कुंभ राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी मेहनत के मुताबिक फल मिलेगा। आज उधार दिया हुआ या फंसा हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

मीन राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। आज आपका पिछले काफी समय से रुका हुआ



पाकिस्तानी राजनेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने दावा किया है कि सिंधु नदी इस्लामाबाद की है और हमेशा इस्लामाबाद की ही रहेगी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव के बीच जरदारी ने चेतावनी दी है कि अगर पानी का बहाव रोका गया तो इसकी जगह भारतीय खून बहेगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की त्रासदी के लिए इस्लामाबाद को दोषी ठहराया है, ताकि अपनी कमजोरियों को छुपाया जा सके और अपने लोगों को मूर्ख बनाया जा सके।



# दुश्मनों को सख्त संदेश : नौसेना ने अरब सागर में जंगी जहाज से किया मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी है।

नौसेना के मुताबिक, इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की है। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेश निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सटीक हमला किया। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। इसके साथ ही यह रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित भी करती है। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति समर्पण का प्रमाण है। गौरतलब है कि इससे कुछ दिन पहले ही डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया था। ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से 26 मार्च को दोपहर लगभग 12:00 बजे यह परीक्षण पूरा हुआ था। इस दौरान मिसाइल ने भूमि-आधारित वर्टिकल लॉन्चर से एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को बहुत नजदीकी रेंज और कम ऊंचाई पर नष्ट किया था। इस उड़ान परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए आवश्यक उच्च गति का प्रदर्शन किया था। वहीं, सैन्य शक्ति में जबरदस्त इजाफा करते हुए इसी माह भारत ने लड़ाकू विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) 'गौरव' का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 8 से 10 अप्रैल के बीच 'गौरव' लॉन्ग-रेंज ग्लाइड बम के सफल रिलीज ट्रायल्स को अंजाम दिया था। परीक्षण सुखोई-30 एमके-1 विमान से किए गए, जिसमें हथियार को विभिन्न वॉरहेड कॉन्फिगरेशन के साथ कई स्टेशनों पर एकीकृत किया गया था। इस प्रणाली के विकास में 'डेवलपमेंट-कम-प्रोडक्शन' पार्टनर्स अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज का भी सहयोग रहा। परीक्षणों के दौरान इस बम ने लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तक अत्यंत सटीक निशाना लगाया।

**पहलगाम आतंकी हमले पर पीएम मोदी की दहाड़, बोले- आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी**

मधुबनी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए आज कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

श्री मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा, यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है। इस दुख की घड़ी में पूरा देश साथ खड़ा है। इस आतंकी हमले में किसी ने बेटा, किसी ने भाई, किसी ने जीवनसाथी खोया है, कोई बांग्ला, कोई कन्नड़ा, कोई मराठी, कोई उड़िया, कोई गुजराती, कोई बिहार का लाल था।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने लखनऊ के पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पुतला जलाया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.

# पहलगाम आतंकी हमला : अखिलेश यादव का बयान, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता...

लखनऊ (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उनका मकसद लोगों में डर पैदा करना होता है। सरकार को ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हम ऐसी घटना की निंदा करते हैं, सरकार को ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। आतंकियों का मकसद डर पैदा करना, देश-प्रदेश के कारोबार को रोकना, लोगों को तकलीफ पहुंचाना है। इस घटना के खिलाफ पूरे देश में गुस्सा है। हमारे राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव सर्वदलीय बैठक में समाजवादी पार्टी की तरफ से सुझाव रखेंगे।

उन्होंने कहा, आज के दिन सपा कार्यालय में यूपी और उत्तराखंड के पूर्व गवर्नर अजीज कुरैशी साहब का कार्यक्रम बड़े पैमाने पर उनके साथी करना चाहते थे। लेकिन, कश्मीर में हुई घटना के बाद हमने कार्यक्रम को छोटा कर दिया। जो घटना हुई है, वह बहुत दुखद है, पर्यटक शहीद हुए हैं। जो घटना के वीडियो आ रहे हैं, सोशल मीडिया और अन्य मीडिया के माध्यम से जो भी वीडियो आ रहे हैं, ये बहुत गंभीर मुद्दा है, इसलिए समाजवादी पार्टी ने फैसला किया है कि दिल्ली में होने वाली सर्वदलीय बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव हिस्सा लेंगे और समाजवादी पार्टी का पक्ष रखेंगे।

सपा प्रमुख ने आगे कहा, इस घटना के खिलाफ पूरे देश में गुस्सा है। किसी भी पॉलिटिकल पार्टी को ऐसी घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए क्योंकि ये देश का सवाल है। यह भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि किसी भी तरह की फेक न्यूज या वो न्यूज जो हमारी सिक्योरिटी को थ्रेट पहुंचाए, उसे रोका जाए। भारत सरकार ने जो कठोर फैसले लिए हैं, हम उनके पक्ष में हैं, इससे भी कठोर फैसले अगर ले सकती है सरकार तो उसे लेना चाहिए।

उन्होंने अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अग्निवीर के पक्ष में देश के युवा नहीं हैं।

**नागरिक उड्डयन मंत्री ने श्रीनगर से चार अतिरिक्त उड़ानों का किया ऐलान**

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने प्रभावित पर्यटकों और पीड़ितों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं।

मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और संबंधित अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में काम करते हुए चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। तत्काल राहत उपायों के हिस्से के रूप में श्रीनगर से चार विशेष उड़ानों (दो दिल्ली और दो मुंबई के लिए) की व्यवस्था की गई है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत का एक और एक्शन, एक्स अकाउंट को किया सस्पेंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के बीच भारत में पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स अकाउंट को बंद (सस्पेंड) कर दिया गया है। यह कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करने और वरिष्ठ पाकिस्तानी राजनयिक कर्मचारियों को निष्कासित के बाद उठाया गया है।

यह फैसला पीएम मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के एक दिन बाद आया है। यह बैठक पहलगाम में 23 अप्रैल को हुए हमले पर भारत की प्रतिक्रिया निर्धारित करने के लिए बुलाई गई थी। इससे पहले बुधवार शाम को एक प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत में पाकिस्तानी उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 55 से घटाकर 30 किया जाएगा। भारत ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग से सभी रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को भी निष्कासित कर दिया है। इन व्यक्तियों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह, भारत इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से अपने सैन्य सलाहकारों को वापस बुलाएगा। दोनों मिशनों में सेवा सलाहकारों को सौंपे गए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई, इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह, बिहार के रा%यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार के मधुबनी में मौजूद रहे।

## अब वक्त पीओके में सीधी कार्रवाई का : पूर्व विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी ने पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बढ़ते तनाव पर कहा कि जब दो देशों के बीच आपसी संबंध बिगड़ते हैं और सुरक्षा की भावना खतरे में पड़ने लगती है, तो कठोर और निर्णायक कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से उठाए गए हालिया कदम जैसे दूतावास बंद करने की तैयारी, वीजा रद्द करना और पाकिस्तान के नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टीमेटम ये सभी पाकिस्तान पर गंभीर असर डालेंगे। प्रफुल्ल बख्शी ने कहा कि पाकिस्तान की आम जनता और युवा वर्ग पाकिस्तान आर्मी के साथ नहीं हैं। भारत में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान की भूमिका संदिग्ध है, और यह संभव है कि इस बार वह चीन के साथ मिलकर रणनीतिक तौर पर कोई तनावपूर्ण कदम उठा रहा हो। भारत का यह जवाब बहुत सीमित है और इससे पाकिस्तान की सैन्य गतिविधियों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब भारत को केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पीओके में उन 8-10 ठिकानों पर सीधा कब्जा करना चाहिए

## पहलगाम हमले के बाद दिल्ली स्थित पाक हाईकमीशन में केक ले जाते दिखा कर्मचारी, भीड़ ने रोका पूछा- किस बात का जश्न है?

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम में आतंकी हमला के बीच दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी केक लेकर अंदर जा रहा था। जब मीडिया ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो।

पहलगाम आतंकवादी हमले के बीच पाकिस्तान हाईकमीशन के बाहर केक लाने पर सवाल खड़े हो गए हैं। मीडिया ने उस कर्मचारी से बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। हालांकि केक किसलिए और किन वजहों से मंगाया गया है, यह अभी तक साफ नहीं हो सका है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें पाकिस्तानी उच्चायोग का कर्मचारी अपने हाथ में केक लेकर जा रहा है। उससे पूछा गया कि केक क्यों लाया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। वहां पर मौजूद पत्रकारों ने कर्मचारी से कई तरह के सवाल किए कि वो कौन है और किसके लिए केक ले जा रहा है, या फिर दूतावास के अंदर क्या कोई पार्टी चल रही है या फिर किसने ये केक मंगवाया है। लेकिन उस शख्स ने कोई जवाब नहीं दिया। वह चुपचाप इधर-उधर जाता रहा और बाद में कमीशन के अंदर चला गया। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान संबंध का असर दिखने लगा है। दिल्ली में पाकिस्तानी दूतावास की सुरक्षा भी कम कर दी गई है। अभी पाकिस्तानी दूतावास के बाहर सन्नाटा छाया हुआ है। कोई सुरक्षाकर्मी नजर नहीं आ रहा है।

### सीमा पर तनाव बढ़ा : पाकिस्तान ने किया मिसाइल टेस्ट करने का एलान, अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

नई दिल्ली (आरएनएस) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अब भारत की प्रतिक्रिया के 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने की घोषणा कर दी है।

इस कदम के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल के बीच कराची तट के पास अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में मिसाइल परीक्षण की अधिसूचना जारी की है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परीक्षण महज तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक संदेश भी है, खासकर ऐसे समय में जब भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं।



असम पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम को गिरफ्तार किया।




जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने श्रीनगर में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए सर्वदलीय बैठक की शुरुआत में दो मिनट का मौन रखा।

## पहलगाम हमले के बाद बारामूला में अलर्ट, सरकार ने पीएम पैकेज कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के दिए निर्देश

बारामूला (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए। बारामुला के मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों को 27 अप्रैल तक घर से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) के बारामुला कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से इस सप्ताह के लिए वर्क फ्रॉम होम (घर से कार्य) करने की अनुमति दी जा रही है। यह आदेश 27 अप्रैल (रविवार) तक प्रभावी रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने के लिए उपलब्ध रहें और आवश्यकतानुसार विभागीय कार्यों में सहयोग सुनिश्चित करें। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है। इस हमले को लेकर केंद्र ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाने का भी निर्णय लिया है। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में हमले के बाद की स्थिति, सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे कदम और आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले, बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई यह बैठक दो घंटे से ज्यादा समय तक चली। इस बैठक में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई अन्य अधिकारी शामिल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम इलाके की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए। यह जगह श्रीनगर से लगभग 30 मील दूर एक पर्यटन स्थल है। इस घिनौनी आतंकी हमले की देश-विदेश में कड़ी निंदा हो रही है।

नई दिल्ली (आरएनएस)। टीम इंडिया के हेड कोच और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को आतंकवादी संगठन ढ्ढस्ढ्ढस कश्मीर की ओर से जान से मारने की धमकी मिली है। गंभीर ने इस मामले में 23 अप्रैल को दिल्ली पुलिस में स्नढ्ढक्र दर्ज कराई है और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, गंभीर को यह धमकी उस वक्त मिली जब वह ढ्ढक्क के चलते टीम इंडिया से ब्रेक पर हैं।



अभिनेता सुनील शेट्टी ने पहलगाम हमले के बाद लोगों से निडर होने को कहा और कहा कि अगली छुट्टियां कश्मीर में ही बिताएंगे ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले और आतंकवादियों को दिखाया जा सके कि 卐हम उनसे डरते नहीं हैं। लता दीनानाथ मगेशकर पुरस्कार 2025 समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 卐कश्मीर हमारा था, है और हमेशा हमारा रहेगा। कुछ लोगों ने उनकी समझदारी से बात करने और उनकी बात सुनकर उनके दिलों को खुश करने के लिए उनकी सराहना की, जबकि अन्य ने आम लोगों की सुरक्षा के बारे में पूछा, जबकि उन्हें सुरक्षा मिलेगी।

# भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने साड़ी में बिखेरा जलवा, दिलकश अदाओं पर फिदा हुए फैंस



भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने लेटेस्ट साड़ी लुक को लेकर सोशल मीडिया पर छा गई हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह रेड और ऑरेंज रंग की खूबसूरत बंधेज साड़ी में नजर आ रही हैं. ट्रेडिशनल लुक में मोनालिसा की दिलकश अदाएं फैंस का दिल जीत रही हैं. तस्वीरों में मोनालिसा ने डीप नेक ब्लाउज़ के साथ साड़ी को बेहद ग्रेसफुल तरीके से कैरी किया है. माथे पर बिंदी, खुले बाल और ट्रेडिशनल झुमकों के साथ उनका यह लुक सोशल मीडिया यूज़र्स को खूब पसंद आ रहा है. जैसे ही मोनालिसा ने ये तस्वीरें पोस्ट कीं, फैंस ने कमेंट सेक्शन में दिल और फायर इमोजी की बरसात कर दी. किसी ने उन्हें 'क्वीन' कहा तो किसी ने उनके लुक को 'गॉर्जियस' बताया. मोनालिसा का यह ट्रेडिशनल अवतार एक बार फिर यह साबित करता है कि वे न केवल वेस्टर्न बल्कि इंडियन आउटफिट्स में भी उतनी ही खूबसूरत और स्टाइलिश लगती हैं. फैंस उनकी हर पोस्ट का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं और मोनालिसा भी अपने चाहने वालों को कभी निराश नहीं करतीं.

### बॉक्स ऑफिस पर केसरी 2 की कमाई में मामूली बढ़त, पांचवें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

इन दिनों अक्षय कुमार की फिल्म केसरी- चैप्टर 2 सिनेमाघरों में लगी हुई है, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है। इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, वहीं समीक्षकों ने भी फिल्म की कहानी के साथ-साथ अक्षय के अभिनय की सराहना की।

शुरुआती 3 दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया, लेकिन चौथे फिल्म की कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई।

हालांकि, पांचवें दिन केसरी 2 के कारोबार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने 7.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।

# डांस की दीवानी सुम्बुल तौकीर करना चाहती हैं इस खास प्रोजेक्ट पर काम, बोलीं- ये मेरे लिए सुकून



टीवी सीरियल काव्या एक जज्बा एक जुनून फेम सुम्बुल तौकीर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी एक्टिंग और डांस वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। उन्हें एक्टिंग जितनी पसंद है, उससे कहीं ज्यादा डांस की दीवानी हैं। यही वजह है कि एक्ट्रेस ने डांस पर आधारित फिल्म में काम करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वह डांस थीम पर आधारित फिल्म, सीरीज या यहां तक कि रियलिटी शोज भी करना चाहती हैं।

सुम्बुल ने कहा, मैं डांस पर आधारित फिल्म, सीरीज या यहां तक कि रियलिटी शो करना पसंद करूंगी। यह मेरे लिए सिर्फ एक कला नहीं बल्कि एक एहसास है। यह मेरे लिए सुकून है। अकेलापन हो या खुशी का अवसर, डांस मेरे लिए एक खास दोस्त की तरह है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरी जिंदगी में कई बार ऐसा वक्त भी आया, जब न तो किसी का साथ काम आया और न ही शब्द, एक डांस ही था, जिसने मुझे संभाले रखा। जब मैं डांस करती हूं, तो मुझे एक अलग ही सुकून मिलता है। मैं खुद को आजाद महसूस करती हूं। मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहूंगी, जो डांस के जरिए कहानी बयां करे। यह दिल से जुड़ा एक खास एहसास है। मैं हर धड़कन को महसूस करना चाहती हूं, हर पल को जीना चाहती हूं। अगर ऐसा कोई प्रोजेक्ट मेरे पास आता है, तो यह मेरी प्रार्थनाओं का असर होगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो, सुम्बुल तौकीर ने सोनी लिव के हिट शो इमली से घर-घर में पहचान बनाई। इसके अलावा, उन्होंने काव्या- एक जज्बा, एक जुनून, बालवीर, गंगा, वारिस जैसे टीवी सीरियल्स में भी काम किया। वह रियलिटी शो बिग बॉस 16 में भी नजर आईं। उन्होंने आयुष्मान खुराना की फिल्म आर्टिकल 15 में सहायक कलाकार के तौर पर काम किया। यही नहीं, 2014 में हर मुश्किल का हल अकबर बीरबल और जोधा अकबर शो में भी बतौर बाल कलाकार नजर आई थीं।

# रिलीज से पहले निर्माताओं ने जारी किया फिल्म हिट 3 का एक और पोस्टर, नानी का दमदार लुक देख फैंस हो गए खुश

साउथ स्टार नानी की फिल्म हिट 3 एक मई को रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज से पहले फिल्म मेकर्स ने फैंस की उत्सुकता को ध्यान में रखते हुए फिल्म से नानी का एक और लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसे देखकर फैंस बेहद उत्साहित और खुश हैं। इस नए पोस्टर में नानी गुस्से में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर की थीम रेड है। नानी ने इस पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया और लिखा हिट 3, 1 मई को। हिट 3 के नए पोस्टर में नानी का दमदार लुक देखकर फैंस लगातार अपनी प्रतीक्रियाएं दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, नानी अन्ना और फिल्म टीम को शुभकामनाएं हिट 3 को अच्छा कलेक्शन मिलना चाहिए, एक और फैन ने लिखा, हिट 3 का इंतजार नहीं कर सकता, एक और फैन ने लिखा, अब की बार अर्जुन सरकार, एक और फैन ने लिखा, यह फिल्म एडवांस में सुपरहिट है, एक और फैन ने लिखा, धमाके का इंतजार है।

हिट- द थर्ड केस टॉलीवुड की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। नानी की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में वह एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन शैलेश कोलानू कर रहे हैं। यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज से पहले फिल्म का प्रचार जोरो से चल रहा है। फिल्म में नानी के अलावा श्रीनिधि शेट्टी नजर आएंगी। वॉल पोस्टर सिनेमा और यूनिनमस प्रोडक्शंस द्वारा समर्थित इस फिल्म में मिकी जे मेयर ने संगीत दिया है।

# हाथ में झाड़ू और कमर में बंधी साड़ी, राधिका आप्टे ने शेयर किया अपनी फिल्म सिस्टर मिडनाइट का पोस्टर

राधिका आप्टे ने अपने सोशल मिडिया पर अपनी फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके अंदाज ने लोगों को चौंका दिया है। इस पोस्टर में अभिनेत्री हाथ में झाड़ू और कमर साड़ी बांधे हुईं नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री राधिका आप्टे ने अपने इंस्ट्ग्राम पर एक स्टोरी लगाई है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म सिस्टर मिडनाइट का एक पोस्टर शेयर किया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्टर को शेयर किया है, उस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'सिस्टर मिडनाइट के यूएस टैक्सी ड्राइवर से प्रेरित आधिकारिक पोस्टर की पहली झलक।' इसके अलावा लिखा कि फिल्म का निर्देशन और लेखन का काम करण कंधारी द्वारा किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा कि यह फिल्म 16 मई को पहले न्यूयॉर्क में फिर 23 मई को लॉस एंजिलस में और उसके बाद बाकी शहरों में रिलीज की जाएगी। वहीं आपको बताते चलें कि इस पोस्टर को जेम्स पैटरसन द्वारा डिजाइन किया गया है।

राधिका आप्टे के इस लुक पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इसमें एक यूजर ने कमेंट किया कि राधिका एक शानदार कलाकार हैं। दूसरे यूजर ने कमेंट किया कि इस फिल्म का पोस्टर 1976 की 'टैक्सी ड्राइवर' फिल्म के पोस्टर की याद दिलाती है। इसके अलावा अन्य यूजर ने लिखा शानदार फिल्म।

अगर राधिका आप्टे के काम के बारे में बात करें तो अभिनेत्री ने रात अकेली है, ओ माय डॉर्लिंग जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा अभिनेत्री ने कई वेब सीरीज में भी काम किया है और अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है।

### हनी सिंह की आवाज ने बिखेरा जलवा...अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का नया गाना मनी मनी हुआ रिलीज

अभिनेता अजय देवगन पिछली बार फिल्म सिंघम अगेन में दिखे थे। हालांकि, उनकी इस फिल्म ने न तो बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई की और ना ही इसकी कहानी ने दर्शकों को प्रभावित किया।

आने वाले समय में अजय फिल्म रेड 2 में नजर आएंगे, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। अब निर्माताओं ने रेड 2 का नया गाना मनी मनी जारी कर दिया है। मनी मनी गाने को रैपर हनी सिंह ने अपनी आवाज दी है। इसके बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। इस गाने में उर्वशी रौतेला जबरदस्त डांस करती दिख रही हैं। गाने में अजय की भी झलक दिख रही है। रेड 2 में अजय का सामना रितेश देशमुख से होगा। वह फिल्म में नेता दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे।

इसमें अजय की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है। वह अजय की पत्नी का किरदार अदा करेंगी।

### सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देगी नितिन और श्रीलीला की रॉबिनहुड, 2 मई से जी5 पर होगी स्ट्रीम

नितिन की नवीनतम फिल्म रॉबिनहुड, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया था, जल्द ही ओटीटी पर नए दर्शक पा सकती है। वेंकी कुदुमुला द्वारा निर्देशित और श्रीलीला द्वारा मुख्य महिला कलाकार के रूप में अभिनीत, यह फिल्म अधिकांश थिएटर जाने वालों को प्रभावित करने में विफल रही। हालांकि, सोशल मीडिया पर जोरदार चर्चा से पता चलता है कि रॉबिनहुड 2 मई, 2025 को जी5 पर अपना डिजिटल डेब्यू करेगी। हालांकि निर्माताओं या स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशंसक यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि क्या फिल्म ओटीटी पर खुद को भुना सकती है। फिल्म में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर का एक सरप्राइज कैमियो है, जो इसकी अपील को बढ़ाता है। राजेंद्र प्रसाद, वेनेला किशोर और देवदत्त नागे सहित प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ, रॉबिनहुड अपनी दूसरी पारी में दर्शकों को जीतने की क्षमता रखता है।

# किशोरों का जल्दी सोकर देर से उठने पर तेज होता है दिमाग, अध्ययन में हुआ खुलासा



हमेशा से हमें जल्दी सोकर सुबह जल्दी उठने की सलाह मिली है, लेकिन हाल ही में सामने आए एक अध्ययन से पता चला है कि अगर किशोर जल्दी सो जाते हैं और अधिक समय तक सोते हैं तो उनका दिमाग तेज होता है।

इसके अतिरिक्त वे अन्य की तुलना में संज्ञानात्मक परीक्षणों में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

आइए इस अध्ययन के बारे में विस्तार से जानते हैं।

3,000 से अधिक किशोरों पर किया गया अध्ययन

यह अध्ययन 3,000 से अधिक किशोरों पर किया गया, जिससे पता चला है कि जो किशोर सबसे पहले सो जाते हैं और लंबे समय तक सोते हैं, साथ ही जिनकी नींद के दौरान हृदय गति कम होती है, वे पढ़ने, शब्दावली, समस्या समाधान और अन्य मानसिक परिक्षणों में दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 13 से 18 वर्ष के बच्चों को 8-10 घंटे की नींद लेनी चाहिए।

इस तरह से किया गया अध्ययन

इस अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों के मस्तिष्क स्कैन, संज्ञानात्मक परीक्षण किया गया और फिटबिट का इस्तेमाल करके उनकी नींद को ट्रैक किया गया।

किशोरों को तीन समूहों में बांटा गया। पहला समूह में से 39 प्रतिशत रात में 7 घंटे और 10 मिनट सोएं, जबकि दूसरे समूह में से 24 प्रतिशत किशोर 7 घंटे और 21 मिनट सोएं।

तीसरे समूह में शामिल 37 प्रतिशत किशोर 7 घंटे और 25 मिनट सोएं। साथ ही नींद में हृदय गति भी कम थी।

बेहतर नींद से होता है संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास- बारबरा साहकियन

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजी की प्रोफेसर बारबरा साहकियन ने कहा, हमें लगता है कि नींद बेहतर संज्ञानात्मक क्षमताओं को प्रेरित करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम नींद के दौरान अपनी यादों को मजबूत करते हैं।

शंघाई में फुडन विश्वविद्यालय के साहकियन की टीम और शोधकर्ताओं ने किशोर मस्तिष्क संज्ञानात्मक विकास अध्ययन में 3,222 युवाओं के डेटा का विश्लेषण किया, जो अमेरिका में मस्तिष्क विकास और बाल स्वास्थ्य पर सबसे बड़ी दीर्घकालिक जांच है।

नींद में मामूली अंतर भी डाल सकता है शरीर पर बड़ा प्रभाव

साहकियन ने कहा कि यह आश्चर्यजनक था कि नींद में मामूली अंतर का इतना प्रभाव पड़ा।

उन्होंने आगे कहा, यह अध्ययन सुझाव देता है कि नींद की मात्रा में छोटे अंतर समय के साथ परिणामों में बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं।

यॉर्क विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रोफेसर गैरेथ गैसकेल ने कहा कि वह किशोरावस्था से जुड़े अध्ययनों के तरीके को और अधिक देखना चाहते हैं ताकि वे उन किशोरों की मदद कर सकें, जिनका नींद पैटर्न शायद कमजोर हो।

# आम खरीदते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, होगा फायदा



गर्मियों के दौरान आने वाले आम को फलों का राजा माना जाता है। यह न केवल स्वादिष्ट और रसीला है, बल्कि कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर भी होता है।

आम में विटामिन-सी, विटामिन-ए, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं।

आम का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है।

आइए आम खरीदते समय ध्यान रखने योग्य बातें जानते हैं।

हरा आम न खरीदें

आम खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान देना जरूरी है।

हरा आम पका हुआ नहीं होता है इसलिए इसे खाने से अच्छा है कि पका और पीले रंग वाला आम ही खरीदें।

पके आम में पीले और लाल रंग के धब्बे होते हैं। ये धब्बे न केवल आम की मिठास को बढ़ाते हैं, बल्कि इसके स्वाद को भी बढ़ाते हैं।

ऐसे आम खाने में और भी ज्यादा स्वादिष्ट होते हैं।

गूदे की बनावट पर दें ध्यान

आम के गूदे की बनावट भी अहम होती है।

अगर गूदे के अंदर काले धब्बे हों या फिर वह दरदरा हो तो इसे खरीदने से बचें। इस तरह के आम की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती और यह खाने में अच्छा नहीं लगता है।

बेहतर होगा कि आप चिकनी और मुलायम गूदे वाले आम को ही प्राथमिकता दें। इससे आपको पका और मीठा आम खाने को मिलेगा, जो आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होगा।

सुगंध पर दें ध्यान

आम की खुशबू भी उसकी गुणवत्ता को दर्शाती है। पके हुए आम से मीठी और आकर्षक खुशबू आती है, जो आपको दूर से ही महसूस होती है।

अगर आम में से अच्छी खुशबू आ रही हो तो समझ जाइए कि वह पका हुआ है और इसे खरीदना चाहिए।

दूसरी ओर अगर आम में से कोई खास सुगंध नहीं आ रही हो तो उसे खरीदने से बचें। इससे आपको स्वादिष्ट और ताजगी भरा फल मिलेगा।

आम खरीदते समय उसके आकार पर भी ध्यान देना चाहिए। गोल या अंडाकार आकार वाले आम ही अच्छे होते हैं। लंबे आकार वाले आम अक्सर कच्चे निकलते हैं, जिनमें मिठास कम होती है और ये खाने में अच्छे नहीं लगते। इसलिए हमेशा गोल या अंडाकार आकार वाले पके आम ही चुनें ताकि आपको स्वादिष्ट और ताजगी भरा फल मिले। इस तरह आप अपने परिवार के लिए बेहतरीन आम चुन सकते हैं। आम खरीदते समय उसकी कीमत पर भी ध्यान देना चाहिए। बाजार में अलग-अलग किस्मों के आम उपलब्ध होते हैं, जिनकी कीमत भी अलग-अलग होती है।

## शब्द सामर्थ्य -028


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 027 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | ब | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | ब |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में रात शेखर गोटिया उम्र 35 वर्ष निवासी आजाद वार्ड गोटिया मंदिर रेल्वे फाटक के पहले पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिसैंदी से भूसा का काम कर अपने घर आ रहा था रात लगभग 8-45 बजे जैसे ही रेल्वे फाटक पटनऊ अब्बू चाय दुकान के पास पहुँचा ग्राम पटनऊ निवासी तभी नीरज कोरी मिला और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो नीरज कोरी गाली गलौज करते हुये डंडा से हमलाकर पैर में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

## समरसता सेवा संगठन ने किया संत सेन जी महाराज जयंती समारोह का आयोजन एवं पौधारोपण

# पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु समरस होकर लगाएं पौधे







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समरसता सेवा संगठन ने संत सेन जी महाराज जयंती समारोह का आयोजन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. पी के मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, डॉ विकास सांवला, समाजसेवी राजेश पाठक प्रवीण के विशिष्ठ आतिथ्य, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन, सचिव श्री उज्वल पचौरी की उपस्थिति में अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी के साथ पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. पी के मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा संत सेन जी महाराज ने सिर्फ अपने समाज के लिए कार्य नही किया उन्होंने सर्व समाज को अपने विचार के माध्यम से प्रेरणा देने का कार्य किया है। हमारे सनातन समाज में अनेकों संत, महात्मा, ऋषि, मुनि, साधु महात्मा और ज्ञानी हुए है जिनका उद्देश्य केवल और केवल मानव कल्याण रहा है और मानव का कल्याण तब ही होगा जब समाज में समरसता की भावना आयेगी और इसी उद्देश्य को लेकर यह संगठन भी कार्य कर रहा है। संगठन ने पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने नए कैलेंडर में पौधारोपण जैसा पुण्य का कार्य महापुरुषों देवियों की जयंती पर करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि डॉ विकास सांवला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा समरसता सेवा संगठन सब सबको जाने सब सबको माने के ध्येय वाक्य को लेकर समरस भारत समर्थ भारत के निर्माण के लिए अपना प्रयास कर रहा है और यह भाव हम सभी के अंदर होना चाहिए क्योंकि जब तक हम सब एक नही होना नही होंगे विश्व पटल पर भारत सबसे ऊपर नही पहुंच सकता इसीलिए हमे अपने कार्य को करते हुए ही दूसरो के भले के लिए कार्य करना चाहिए इसमें ऊंच नीच का कोई भेद नहीं होना चाहिए ऐसा हम सबका प्रयास होना चाहिए। संगठन ने पौधारोपण के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का कार्य अपने हाथ में लिया है आज कि यह महती आवश्यकता है क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग की ओर हम तेजी से बढ़ रहे है ऐसे में पेड़ हमारी रक्षा करेंगे इसमें सबका सामूहिक प्रयास आवश्यक है। पाथेय संस्था के संयोजक समाजसेवी राजेश पाठक प्रवीण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का भाव ही समरसता है। समरसता में प्रेम, करुणा, उदारता, आत्मीयता का भाव है और इसी भाव से समरसता सेवा संगठन ने विगत 2 वर्षो से सबको जोड़ने का कार्य करते हुए अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश किया है और इस वर्ष तो पेड़ लगाने का पावन कार्य करने का संकल्प लेकर इस वर्ष आयोजन करने का निर्णय लिया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना और स्वागत उद्बोधन देते हुए संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा हम सब मानते है कि समरसता सेवा संगठन एक ऐसा मंच है जहां हम सब मिलकर कार्यक्रमों को मानते है। मां नर्मदा के इसी तट पर कुछ लोगो ने बैठकर संगठन की कार्ययोजना बनाई थी उसके बाद 13 अप्रैल 2023 को परम पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के पावन कर कमलों से हमारे संगठन का शुभारंभ हुआ पूज्य स्वामी जी ने श्री राम का समरस और समर्थ भारत विषय पर अपना मार्गदर्शन दिया। इसके बाद दो वर्षो में संगठन ने 64 कार्यक्रम आप सभी के सहयोग से किए जिसमे महापुरुषों की जन्म जयंती को सर्व समाज के सहयोग से मनाया गया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर संगोष्ठी का अयोजन किया, दूसरे वर्ष में हमने समाज क्षेत्र में विशिष्ठ कार्य करने वाले जनों का सम्मान किया।

उन्होंने कहा हम संगठन के तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहे है और तीसरे वर्ष में संत सेन जी महाराज की जन्म जयंती पर यह पहला कार्यक्रम है। तीसरे वर्ष हमने कार्यक्रम की रूपरेखा में कुछ बदलाव करते हुए तय किया कि सभी महापुरुषों और देवियों की जन्म जयंती पर संगोष्ठी के साथ ही पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने के लिए एक पौधा अग्रवाल धर्मशाला के सामने स्थित उद्यान में लगाएंगे, साथ ही जिन महानुभावों को अपने साथ पौधा ले जाना हो तो उनको पौधा संगठन द्वारा दिया जाएगा। हमारे आग्रह है कि आप जो पौधा ले जाएंगे उसे उचित स्थान पर रोपित कर उसका संरक्षण भी करे और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेंगे इससे हम अपना जीवन तो संवारे ही साथ साथ आने वाली पीढ़ी के जीवन को संवारने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान सभी आगंतुक जनों ने पत्रक भरकर पर्यावरण बचाने एवं पौधा लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन शरद ताम्रकार एवं आभार सचिव उज्वल पचौरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में पहलगांव आतंकी हमले में मृत जनों को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आलोक पाठक, मोहन सेन, के एल सेन, विनीत तिवारी, राजीव राठौर, विक्रम परवार, संतोष झारिया शिवरतन पटेल आदि उपस्थित थे।

## प्रचार्यो की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक मॉडल स्कूल मे आयोजित

# जिले के प्राचार्य स्कूल के साथ साथ कार्यालयीन कार्यों पर भी ध्यान दें



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिले के सभी प्रचार्यो की समीक्षा बैठक शा मॉडल स्कूल के स्मार्ट क्लास रूम मे आयोजित हुई, इस बैठक मे पूरे जिले के सभी शास विद्यालयों के प्राचार्य, सभी सहायक संचालक क्ष्व्ह,, सभी क्व्क्ष्ट, उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि जिले के सभी प्राचार्य अपने अपने स्कूल पर ध्यान केंद्रित करें एवं विद्यालय समय पर लगे तथा बच्चों को गुणबत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए कार्य करें। इसके अलावा अन्य कार्यालय के कार्यों पर भी ध्यान दें जिससे कोई भी स्तर पर कोई कार्य लंबित न रहे।

डी ई ओ श्री सोनी ने कहा कि एजुकेशन पोर्टल 3.0 मे सभी स्कूलों का नामांकन 100 प्रतिशत होना जरुरी,इसके लिए सभी कार्य करें, समग्र शिक्षा के अंतर्गत छात्रवृत्ति मे कोई भी फेल्ड खाता न हो, कक्षा अपडेशन इत्यादि का कार्य निश्चित समय सीमा मे हो,विद्यालयों की अधो संरचना से संबंधित,नामांकन ,पुस्तक वितरण,अकाउंट अपडेशन ,शिक्षक उपस्थिति ,छात्र उपस्थिति पर ध्यान दें।

बैठक के दौरान शंकुल/स्कूल के न्यायालयीन प्रकरण पर भी चर्चा की गयी। बैठक के दौरान ऋऋ के,ध्क्ष्ट संजय मेहरा, सहायक संचालक आर के बधान, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, अखिलेश रजक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी क्ष्व्ह ने ब्लॉक स्तर पर कार्यों की प्रस्तुति दी

इस बार डीईओ श्री सोनी के निर्देश पर सभी क्ष्व्ह के द्वारा अपने अपने ब्लॉक से सम्बंधित कार्यों की जानकारी को सबके सामने पावर पॉइंट प्रजेटेशन के माध्यम से साँझा किया, इस दौरान सभी क्ष्व्ह के द्वारा प्रचार्यो से चर्चा भी की गयी। वर्तमान मे स्क्क्ष्ट के द्वारा चयनित सहायक संचालक जिले के ब्लॉक मे क्ष्व्ह का कार्य देख रहे है।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर पारंगत हुये शहर से जाने वाले हज यात्री




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राज्य शासन की म.प्र. स्टेट हज के निर्देशानुसार जबलपुर से हज करने मक्का-मदीना (साउदी अरब) जाने वाले हाजी-हज्जानियो को हज करने के नियमो से प्रशिक्षित करने व स्वास्थ परिक्षण और वेक्सीनेशन हेतु जिला हज कमेटी के द्वारा शनिवार को शिविर का आयोजन गोहलपुर स्थित ईडब्लूएस गर्ल्स स्कूल मे स्टेट हज कमेटी के पूर्व सदस्य व पार्षद रिजवान अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अकील अंसारी, डॉ. शकील अंसारी की मुख्य अतिथि में विक्टोरिया अस्पताल के डॉ. विनोद गुप्ता की विशिष्ट अतिथि में आयोजित किया गया, उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी हज यात्रियों को शुभकामनाएं दी। शिविर में स्टेट हज कमेटी द्वारा नियुक्त ट्रेनर हाजी मुईन खान, हज्जन अफशा शिराज, हाजी मुज्जफर हुसैन द्वारा शहर से जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण देकर पारंगत किया गया। तत्पपश्चात विक्टोरिया अस्पताल की स्वास्थ टीम द्वारा हज यात्रियों को स्वास्थ वर्धक टीके लगाये गये। इस अवसर पर हज इंस्पेक्टर हाजी दानिश अंसारी, हाजी एजाज अहमद, हाजी मुबीन अहमद, साबिर अंसारी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम आयोजक जिला हज कमेटी के अध्यक्ष मकबूल अंसारी ने सभी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# अप्लास्टिक एनीमिया अत्यंत गंभीर बीमारी, समय पर इलाज नहीं तो जान का खतरा

**डॉ एके द्विवेदी द्वारा की जा रही होम्योपैथी चिकित्सा से असाध्य मानी जाने वाली बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया के अनेक मरीजों को जीवनदान मिला**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जब लोग एनीमिया% सुनते हैं, तो अक्सर यही मान लेते हैं कि यह सिर्फ आयरन अथवा विटामिन की कमी से जुड़ी समस्या है। लेकिन अप्लास्टिक एनीमिया बिलकुल अलग और अत्यधिक यादा गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर के बोन मैरो खून बनाना बंद कर देते है साथ ही उनका बोन मैरो रक्त कणिकाओं को मार भी डालता है। जिसके कारण यह स्थिति इतनी गंभीर होती है कि समय पर इलाज न हो तो मरीज़ की जान तक जा सकती है। यह कहना है केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विवि में होम्योपैथी संकाय के अंतर्गत बोर्ड ऑफ स्टडी के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी का। डॉ. द्विवेदी कहते हैं कि इसकी एटीजी दवाएँ महंगी होती हैं, इलाज लंबा चलता है और कई बार तो बोनमैरो ट्रांसप्लांट की ज़रूरत पड़ती है। होम्योपैथी दवा, अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज में काफी कारगर साबित हो रही है। डॉ एके द्विवेदी द्वारा की जा रही होम्योपैथी चिकित्सा से असाध्य मानी जाने वाली बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया के अनेक मरीजों को जीवनदान मिला है

मरीजों को एटीजी एवं बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए लगने वाले भारी खर्च की यह पीड़ा सुनने के बाद मैंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखे, ताकि सरकार इस बीमारी को गंभीरता से ले और मरीज़ों की मदद के लिए आगे आए। मैंने हाल ही में एक पत्र पढ़ा जो प्रधानमंत्री ने एक अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज़ को भेजा है और उन्हें प्रधानमंत्री राहत कोष योजना के तहत 3 लाख रूपयों की सहायता राशि प्राप्त हुई है। यह जानकर हैरानी होती है कि यादातर अप्लास्टिक एनीमिया के मामलों में यह पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह बीमारी क्यों हुई । कुछ लोगों में यह डेंगू या अन्य वायरस, जैसे हेपेटाइटिस या एपस्टीन-बार वायरस, कुछ दवाइयों या ज़हरीले केमिकल्स की वजह से हो सकता है, लेकिन यादातर मरीजों के लिए यह बीमारी अचानक और बिना किसी चेतावनी के सामने आती है। मरीज़ों को चाहिए कि वे प्रधानमंत्री राहत कोष जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और समय रहते आवेदन करें, ताकि उन्हें भी आर्थिक सहायता मिल सके।

## इस संबंध में अपर आयुक्त राजस्व ने समस्त संभागीय अधिकारियों की ली बैठक

# सभी करदाताओं को भवन, भूमि का रिकॉर्ड सुधार सुविधा 1 मई से 31 मई तक उपलब्ध-निगमायुक्त

### भवन, भूमि का रिकार्ड दुरूस्त कराने करदाताओं से निगमायुक्त ने की अपील



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा सभी करदाताओं को भवन, भूमि का रिकॉर्ड सुधार सुविधा 1 मई से 31 मई तक उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक इसका लाभ उठाएं और शहर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि सुधार हेतु किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप निकट के संभागीय कार्यालय में संपर्क कर सकते है या अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू ठाकुर से निगम मुख्यालय में कार्यालीन समय मे दस्तवेजो सहित सुधार हेतु संपर्क कर सकते है।

इस संबंध में अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ने आज समस्त संभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि भौगोलिक सूचना प्रणाली पर आधारित सर्वे के अनुसार आगामी वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने करदाताओं से अपील है, कि अपने भवन, भूमि का भौतिक रूप से आकलन कर स्वम दस्तावेजो के आधार पर सुधार करवा लेवे अन्यथा भवन के बढ़े हुए भाग, भवन के परिवर्तित उपयोग जैसे व्यवसायिक, किरायरदारी, इंडस्ट्रियल, मैन रोड या साइट रोड में स्थिति के अनुसार यदि दर्ज रिकॉर्ड से भिन्नता पाई जाती है, तो निगम द्वारा दी गई समयावधि समाप्ती उपरांत पैनल्टी के साथ करदाता से वसूली की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में समस्त संभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# वेटरनरी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस का समापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिंक हेल्थ, वन विभाग मप्र एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय चिड़ियाघर एवं वन्यजीव (एआईजेडडब्ल्यूवी) का 15 वां वार्षिक सम्मेलन एवं तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस का समापन शनिवार दोपहर 1 बजे वेटरनरी कॉलेज के सभागार में हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय डॉ. अजय विश्नोई विधायक पाटन, विशिष्ट अतिथि डॉ. एबी श्रीवास्तव नवागत अध्यक्ष एआईजेडडब्ल्यूवी, अध्यक्षता नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा, डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती, डॉ. पराग निगम एआईजेडडब्ल्यूवी के सचिव, वेटरनरी कॉलेज डॉ. आरके शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए डॉ. अजय विश्नोई ने कहा कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी के वाइल्ड लाइफ सेंटर की स्थापना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा यह गौरव का विषय है कि जबलपुर में देश-विदेश के वन्यजीव विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र होकर वन हेल्थ पर काम करने की तैयारी कर रहे हैं। वेटनेरियन्य का दायरा असमिति है और काम करने के लिए बहुत अवसर हैं। वेटनेरियन्स के काम को अब समाज और सरकार के सामने लाने की जरूरत है और यह बताने कि हम इससे भी बेहतर बहुत कुछ कर सकते हैं। नए-नए आयाम खुल रहे हैं। सरकार की नजर भी आपके काम पर है ऐसे में इस तरह की अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस तकनीकों के आदान-प्रदान के लिए एक बेहतर मंच होती है। विश्व वेटरनरी दिवस पर सभी को शुभकामनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा ने वर्ल्ड वेटरनरी डे की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा वन हेल्थ पर काम करना आज की महती आवश्यकता है।

इसके लिए सभी के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए तभी अनुसंधान के परिणाम वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में आएंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । समारोह में स्वागत भाषण अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आरके शर्मा ने दी। समापन समारोह में अतिथियों ने डॉ. बीएम अरोरा मेमोरियल अवार्ड अरुण ए शाह को प्रदान किया। इसी क्रम में डॉ. वैद्यनाथ कृष्णमूर्ति मेमोरियल अवार्ड डॉ. कृष्णमूर्ति द्वारा डॉ. एस इलियाराजा, डॉ. जेएल निगम एक्सीलेंस इन वाइल्ड लाइफ सर्जरी गीता निगम द्वारा डॉ. केश्रीधर को, डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती एक्सीलेंस वाइल्ड एंड पैथोलॉजी डॉ. एन कॅरिकलन, वाइल्ड लाइफ हेल्थ पर काम करने के लिए डॉ. एबी श्रीवास्तव एपीरिसिएशन पुरस्कार डॉ. श्वेता मंडल, डॉ. एके शर्मा एपीरिसिएशन यंग रिसर्च इन वाइल्ड लाइफ साइंस डॉ. हमजा एन फारुकी, एआईजेडडब्ल्यूबी एपीरिसिएशन अवार्ड फॉर फ्री रेंजिंग वाइल्ड लाइफ डॉ. संदीप अग्रवाल, वन गिरि अवार्ड बेस्ट रिसर्च एवं रिव्यू आर्टिकल वाइल्ड एंड हेल्थ डॉ. राजेश नाकुलन, वन गिरि बेस्ट क्लीनिक केस डॉ. शरद कुमार साहू, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड डॉ. एलएन आचार्यों, द्वितीय अवार्ड डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती प्रदान किया गया।


# खुले सीवर चेंबर में गिरा कुत्ता



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** धनवंतरी नगर से मड़फैया मार्ग तक चल रहे रोड चौड़ीकरण कार्य में लापरवाही का आलम इस कदर है कि खुले छोड़े गए सीवर चेंबर अब हादसों को न्योता दे रहे हैं। सुबह इसी लापरवाही का एक उदाहरण सामने आया, जब एक आवारा कुत्ता खुले चेंबर में गिर गया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों ने समय रहते यह देख लिया और तत्काल क्षेत्रीय पार्षद जीतू कटारे को सूचना दी। नगर निगम के अमले ने तत्परता दिखाते हुए कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाला।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण का काम अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां लगातार उड़ती धूल से सांस लेना मुश्किल हो गया है, वहीं भारी वाहनों को क्रॉसिंग में भी दिक्कतें आ रही हैं।

सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि निर्माण स्थल के आसपास अधिकांश सीवर चेंबर बिना किसी चेतावनी या सुरक्षा इंतजाम के खुले छोड़े गए हैं। इससे दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। क्षेत्र के छोटे बच्चों के लिए भी ये खुले चेंबर जानलेवा साबित हो सकते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठेकेदार को कई बार इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया, बावजूद इसके कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्रीय जनता ने नगर निगम से जल्द से जल्द सभी खुले चेंबरों को ढकने और कार्य की गति तेज करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला में सरफराज खान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 8 थाना के पीछे बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गाड़ी बनाने का काम करता है अपनी दुकान में था अरसद खान भी उसकी दुकान में था तभी सुजल जैन अपने साथियों के साथ कार से उतरा, सुजल जैन के साथी मुंह बांधे हुये थे सुजल जैन के साथियों ने भय कारित करने लिये पिस्टल से 2 हवाई फायर किया और सुजल जैन ने पुरानी रंजिश पर उसे बेसबाल के डंडे से मारने की धमकी देते हुये हाथ में मारकर चोट पहुँचा दी, फिर पुनः सुजल जैन ने पिस्टल से फायर किया

# वाहन चेकिंग के दौरान वकील और पुलिस में झड़प, थाने में घंटों चला हंगामा



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। शनिवार माढ़ोताल थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान जिला बार एसोसिएशन के सचिव और ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई तक पहुँच गया। इसके बाद बड़ी संख्या में वकील थाने में एकत्रित हो गए और पुलिस के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला बार एसोसिएशन के सचिव अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी किसी कार्य से माढ़ोताल थाने के सामने से गुजर रहे थे। इस दौरान वाहन चेकिंग कर रहे स्टाफ ने उन्हें रोका। वाहन चेकिंग को लेकर उपनिरीक्षक बिजेंद्र तिवारी और अधिवक्ता त्रिपाठी के बीच बहसबाजी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई और धक्का-मुक्की में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ने एक-दूसरे पर हाथ उठाए, जिसके बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई।घटना की खबर मिलते ही जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा अपने सैकड़ों साथी वकीलों के साथ थाने पहुँच गए। वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषी पुलिस अधिकारी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। हंगामे की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी बीबीएस गौठरिया सहित आसपास के थानों का बल माढ़ोताल थाने बुला लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चेकिंग में बाधा पहुँचाने और विवाद को बढ़ाने के लिए अधिवक्ता त्रिपाठी एवं उनके साथियों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। सीएसपी बीबीएस गौठरिया का कहना है कि वाहन चेकिंग के दौरान वकील और पुलिस अधिकारी के बीच विवाद हुआ है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धक्का-मुक्की और हाथापाई के आरोप लगाए हैं।

## शादी समारोह में कार का कांच तोड़कर दी जान से मारने की धमकी

जबलपुर। थाना माढ़ोताल में कपिल पटेल ;38 वर्षद्धए निवासी नीमखेड़ा गौर बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेल्डिंग की दुकान चलाता है। देर रात वह अपने मामा अशोक पटेल के बेटे वैभव पटेल की शादी में शामिल होने कार से माढ़ोताल आया था।

कार खड़ी करने के दौरान दो लड़के आए और शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगे। मना करने पर गाली.गलौज करते हुए ईंट के टुकड़े से कार का पिछला कांच तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। बीच.बचाव करते समय राजेंद्र पटेल के सिर में चोट आई। आरोपियों की पहचान आकाश उर्फ अक्कू और गोलू के रूप में हुई है। पुलिस ने धारा 296ए 115;2द्धए 119;1द्धए 351;3द्धए 324;4द्धए 3;5द्ध बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## कलयुगी बेटे-बहू की हैवानियत

# वृद्ध मां को तपती छत पर मरने के लिए छोड़ दिया



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। मां... जिसने अपना सब कुछ न्यौछावर कर बच्चों को पाला, उसी मां के साथ जब संतानों ने अमानवीय व्यवहार किया, तो पड़ोसियों की आंखें भी भर आईं। जबलपुर के गोहलपुर थाना अंतर्गत नंदन विहार इलाके में एक कलयुगी बेटे ने अपनी वृद्ध मां को झुलसा देने वाली गर्मी में तपती छत पर मरने के लिए छोड़ दिया।

पड़ोसियों की पीड़ा गुमनाम पत्र के जरिए प्रशासन तक पहुँची और जिला कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल एक्शन लेते हुए वृद्धा को मुक्त कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नंदन विहार त्रिमूर्ति नगर में गुप्ता परिवार का निवास है। कुछ महीने पहले बेटे ने वृद्ध मां से जमीन-जायदाद अपने नाम करवा ली। इसके बाद मां के लिए घर में जगह नहीं रही। उसे एक पुरानी खाट के साथ तपती छत पर शिफ्ट कर दिया गया। भूख-प्यास लगने पर नीचे आने से रोकने के लिए सीढ़ियों पर दरवाजा भी लगा दिया गया। वृद्धा को बासी रोटी और खराब बर्तनों में पानी दिया जाता था।

कलेक्टर के निर्देश पर जब तहसीलदार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे, तो दिल दहलाने वाला दृश्य सामने आया। तेज धूप में तपती छत पर वृद्धा सहमी-सहमी पड़ी थी। छांव के नाम पर केवल एक पतली पन्नी टांग दी गई थी, जो गर्मी से बचाने के लिए नाकाफी थी। तपती छत पर नंगे पैर चलना भी मुश्किल था, लेकिन वह मां महीनों से इसी हाल में जीने को मजबूर थी।

पड़ोसियों का कहना है कि वृद्धा की दशा देखना अब असहनीय हो गया था। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि वृद्धा को किसी सुरक्षित वृद्धाश्रम में भेजा जाए, ताकि वह सम्मान के साथ जीवन बिता सके।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से मजदूर की मौत एक घायल

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना तिलवारा क्षेत्र में मजदूरी कर घर लौट रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में ग्राम घाना निवासी विनोद बर्मन ;उम्र 37 वर्षद्ध ने थाने में सूचना दी कि वह अपने साथी संजय बर्मन और नरेन्द्र बर्मन के साथ मजदूरी करने बरगी गया था।

काम खत्म कर सभी अपनी.अपनी मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। रात करीब 9रू30 बजे जब वे चूल्हा गोलाई मोड़ के पास पहुंचेए तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही कार ;क्रमांक डच् 20 ब्ज 9193द्ध ने नरेन्द्र बर्मन की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के चलते नरेन्द्र बर्मन और सुरेन्द्र बर्मन मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े। हादसे में नरेन्द्र बर्मन को सिर में गंभीर चोट लगी जबकि सुरेन्द्र बर्मन के हाथ और चेहरे पर चोट आई। दोनों घायलों को तत्काल 1033 एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नरेन्द्र बर्मन ;उम्र 26 वर्षद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना के आधार पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश**

जबलपुर। थाना रांझी में भारत सोनी उम्र 60 वर्ष निवासी शांतिनगर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हरिभूमि रिछाई मे चौकीदारी का काम करता है दिनांक 25-4-25 की रात लगभग 10 बजे घर पर था तभी मोहल्ले का राजेश कोरी उसके घर के बाहर आकर उसे आवाज लगाया तो घर के बाहर निकला राजेश कोरी उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलोज करते हुये चाकू से हमलाकर वायें गाल एवं कान के पास चोट पहुँचा दी

# लव मैरिज करने की मिली सजा; ससुराल वालों ने महिला-बच्चे पर किया पत्थर से हमला, पीड़िता बोली- कभी भी खत्म कर देंगे

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। सरकारी कुआं क्षेत्र में रहने वाली एक महिला मोना ने अपने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने एएसपी सूर्यकांत शर्मा को लिखित शिकायत सौंपते हुए कहा कि सास और दो जेठ लगातार उसे, उसके पति और तीन साल के बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। गुरुवार रात घटना की शुरुआत पत्थर और ईंटों से हमले के साथ हो गई। पीड़िता ने मारपीट और हमले का सीसीटीवी वीडियो भी पुलिस को सौंपा है।

पीड़िता मोना ने शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर खुद के साथ पति और बेटे की सुरक्षा की मांग की। उनका कहना है कि अब हालात इतने खराब हो गए हैं कि घर में रहने से भी डर लगने लगा है।

पुश्तैनी घर से निकालने की कोशिश



मोना ने बताया कि छह साल पहले उसने नीरज पाली से लव मैरिज की थी। तभी से ससुराल वाले उसे घर से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले एक साल से हालात बदतर हो गए हैं। आए दिन गाली-गलौज और मारपीट की जा रही है।

शुक्रवार रात जब मोना थाने में शिकायत करने निकली तो रास्ते में सास और जेठानी ने उसे रोका और मारपीट की। आरोप है कि जेठानी के बेटे ने उसके ऊपर पत्थर फेंका, जबकि उस समय मोना की गोद में तीन साल का बच्चा था।

पति को भी मिली जान से मारने की धमकी


मोना का कहना है कि जब पति नीरज ने बीच-बचाव करना चाहा तो उसे भी जान से मारने की धमकियां दी गईं। मोना ने बताया कि मायके वालों ने भी लव मैरिज के कारण साथ छोड़ दिया है। अब उसका और बच्चे का एकमात्र सहारा उसका पति ही है।

**एएसपी ने दिए जांच के निर्देश**

एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने महिला की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेते हुए हनुमान ताल थाना प्रभारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एएसपी ने कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिला और बच्चे पर हमला किया गया, जो गंभीर अपराध है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जबलपुर में सीटीस्कैन-एमआरआई के लिए डायग्नोस्टिक सेंटर ले गए; डीन बोले-जांच करेंगे

# भीषण गर्मी में मरीज़ों से खिलवाड़, जांच के लिए ठूंस-ठूंसकर ले जाए गए मरीज, वीडियो वायरल



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। भीषण गर्मी के बीच जबलपुर से एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती 10 से अधिक मरीजों को शुक्रवार को एक ही एम्बुलेंस में बैठाकर सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए गोलबाजार स्थित सानया प्राइम डायग्नोस्टिक सेंटर ले जाया गया। यह वीडियो मरीजों में से ही किसी एक ने भीतर से बनाया और वायरल कर दिया।

वीडियो वायरल होते ही मेडिकल कॉलेज के डीन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। डीन ने अधीक्षक डॉ. नवनीत सक्सेना और डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रबंधक से इस अव्यवस्था पर स्पष्टीकरण मांगा है। सवाल यह उठ रहा है कि किन परिस्थितियों में एक ही एम्बुलेंस में इस तरह से मरीजों को ठूंसकर ले जाया गया।

मेडिकल कॉलेज की सीटी स्कैन मशीन खराब होने के चलते मरीजों की जांच के लिए सानया प्राइम डायग्नोस्टिक सेंटर से अनुबंध किया गया है। इसी अनुबंध के तहत मरीजों को जांच के लिए लाया और वापस ले जाया जाता है। सेंटर के मैनेजर अनूप कुमार ने बताया कि मरीजों के साथ उनके अटेंडर भी एम्बुलेंस में आ गए थे, जिससे अधिक भीड़ हो गई।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही डायग्नोस्टिक सेंटर से लिखित में जवाब भी मांगा गया है। यह भी जांचा जा रहा है कि वीडियो मेडिकल कॉलेज का ही है या किसी अन्य स्थान का। डीन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए सख्त निर्देश दिए जाएंगे।

# शराब दुकानों के बाहर अवैध अहातों पर शिकंजा कसने की तैयारी

**एमआरपी से ज्यादा दाम पर शराब बिक्री की जांच शुरू**



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। शहर में शराब दुकानों के आसपास खुलेआम चल रहे अवैध अहातों और ओवररेटिंग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आबकारी विभाग सख्त हो गया है। सहायक आयुक्त संजीव ने स्पष्ट किया कि इन अवैध अहातों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

इन दुकानों के सामने देर रात तक शराब पीने वालों की भीड़ लगी रहती है, जिससे आम नागरिकों, खासकर महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग को एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचे जाने और बिना बिल के लेन-देन की भी शिकायतें मिली हैं। आबकारी अमले को इन शिकायतों की गहराई से जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी दुकानदारों को स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि वे दुकान पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करें और हर ग्राहक को बिल अनिवार्य रूप से दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

गौरतलब है कि हाल ही में कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें लोग दुकानों के सामने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते नजर आ रहे थे। इसी के बाद विभाग हरकत में आया और अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने की तैयारी शुरू की गई है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे ओवररेटिंग, अवैध अहाता या देर रात बिक्री जैसी गतिविधियों को देखें तो तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि सख्त कार्रवाई की जा सके।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना जारी



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना 22 अप्रैल से जारी है। स्वास्थ्य कर्मी रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5÷30 बजे तक धरना दे रहे हैं। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की दीपा अहिरवार ने बताया कि प्रदेश की पिछली सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, जिनमें एनपीएस (नेशनल पेंशन स्कीम), मेडिकल लीव और वेतन वृद्धि शामिल हैं। लेकिन अभी तक कोई भी मांग पूरी नहीं की गई है।

संविदा कर्मचारी संगठन का कहना है कि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन को पूरा नहीं किया गया, जिसके कारण उन्हें प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। कर्मचारियों ने साफ तौर पर कहा है कि जब तक शासन-प्रशासन उनकी मांगों को पूरा करने का लिखित आश्वासन नहीं देगा, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस धरने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्रभाव पड़ा है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## दुकान बंद कर लौट रहे युवक से मारपीट

जबलपुर। रांझी थाना क्षेत्र में ही शुभम काछी ;29 वर्षद्धए निवासी मानेगांव केशरी नगर ने रिपोर्ट दी कि वह ओम गैस एजेंसी में कार्यरत है और शाम को बड़ा पत्थर इलाके में पान की दुकान चलाता है। बीती रात 10रू30 बजे दुकान बंद कर लौटते समय लखेरा बारात घर के पास राकेश चौधरी ने शराब के लिए 500 रुपए मांगे। मना करने पर गाली.गलौज कर हाथ मुक्कों से मारपीट की और मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर क्रमांक एमपी 20 एमजेड 7294 में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने धारा 296ए 115;2द्धए 119;1द्धए 351;2द्धए 324;4द्ध बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# पुलिस का ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा, 2 दिन में 3047 चालान वाहन चालकों से वसूला 9.14 लाख समन शुल्क



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। सड़क सुरक्षा को लेकर जबलपुर पुलिस ने बीते दो दिनों में बड़ा अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट, बिना नम्बर व अमानक नम्बर प्लेट वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इस विशेष मुहिम के तहत कुल 3047 चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 9 लाख 14 हजार रुपये समन शुल्क वसूल किया गया है।

अक्सर देखा गया है कि अपराधी बिना नम्बर के वाहनों का उपयोग वारदातों में करते हैं, वहीं कई लोग शौकिया तौर पर भी नम्बर प्लेट नहीं लगाते या अमानक ढंग से नम्बर लिखवाते हैं। साथ ही सड़क हादसों में हेलमेट न पहनना बड़ी वजह बनता है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को इस अभियान के तहत सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए। यह अभियान 23 और 24 अप्रैल को शहर और देहात के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, समर वर्मा, सूर्यकांत शर्मा और श्रीमती सोनाली दुबे के मार्गदर्शन में चैकिंग प्वाइंट्स लगाकर जांच की गई। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में जबलपुर पुलिस न केवल चालानी कार्रवाई कर रही है, बल्कि जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी कर रही है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन नितांत आवश्यक है। हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी जान की सुरक्षा के लिए हैं। यदि हम सभी नियमों का पालन करें, तो 50त्न सड़क हादसों से बचा जा सकता है। जिंदगी अनमोल है, इसे यूं ही खतरे में न डालें।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999